वर्ष : 33 ▸ अंक : 210 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, बुधवार, 16 अक्टूबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित




# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# बज गया चुनावी बिगुल

- महाराष्ट्र में एक, झारखंड में दो चरण में वोटिंग
- 50 सीटों पर उपचुनावों का भी एलान
- 23 नवंबर को आएंगे नतीजे



**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। महाराष्ट्र में सिंगल फेज में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। वहीं झारखंड में 2 फेज में 13 और 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। दोनों ही राज्यों के चुनाव नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को और झारखंड का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को खत्म हो रहा है। चुनाव आयोग ने मंगलवार दोपहर 3.30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करके 14 राज्यों की 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान भी किया। लोकसभा सीटों में केरल की वायनाड में 13 नवंबर और महाराष्ट्र के नांदेड़ में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। वहीं, 47 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा। सभी के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

| जिले | सीट | जनरल | SC |
|---|---|---|---|
| 36 | 288 | 234 | 29 |

| ST | वोटर | महिला | पुरुष |
|---|---|---|---|
| 25 | 9.63 करोड़ | 4.66 करोड़ | 4.97 करोड़ |

| फर्स्ट टाइम वोटर्स | युवा वोटर (20-29) | दिव्यांग |
|---|---|---|
| 20.93 लाख | 1.85 करोड़ | 3.67 लाख |

85+ उम्र के वोटर्स- **1.14** लाख

### चुनावी कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| चुनाव की अधिसूचना | : 22 अक्तूबर |
| नामांकन की आखिरी तारीख | : 29 अक्तूबर |
| नामांकन पत्रों की जांच | : 30 अक्तूबर |
| नाम वापसी का अंतिम दिन | : 4 नवंबर |
| मतदान की तारीख | : 20 नवंबर |
| मतगणना की तारीख | : 23 नवंबर |

डिजाइन : सतीशचंद शर्मा

### महाराष्ट्र में बनेंगे एक लाख से ज्यादा पोलिंग बूथ

महाराष्ट्र में कुल 52 हजार 789 जगहों पर एक लाख 186 पोलिंग स्टेशन होंगे। इसमें शहरी इलाकों में 42 हजार 604 और ग्रामीण इलाकों में 57 हजार 582 हैं। वहीं एक पोलिंग स्टेशन पर तकरीबन 960 मतदाताओं के वोट डालने का एवरेज हैं। इसके अलावा बूथों पर बुजुर्ग एवं महिला वोटर्स को वेटिंग के दौरान आराम के लिए बैठने की व्यवस्था भी की जाएगी। आपराधिक प्रवृत्ति वाले उम्मीदवारों को तीन बार मीडिया में अपने बारे में जानकारी देनी होगी।

> "शंखनाद... लोकतंत्र के सर्वोच्च पर्व की आज घोषणा हो गई है। दिवाली एक प्रकाश उत्सव होगी और फिर हम 20 नवंबर को दूसरा विकास प्रकाश पर्व एक साथ मनाएंगे! बीजेपी के नेतृत्व में हमने 2014, 2019 में बड़ी सफलता हासिल की, पूर्ण बहुमत दिया। आओ हम सब फिर एक साथ आएं और आइए 23 नवंबर को महायुति की जीत का जश्न मनाएं!
>
> **- देवेंद्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री महाराष्ट्र**

> "हमें चुनाव का इंतजार था, चुनाव की घोषणा हो गई है, हम तैयारी में लगे हैं। हम चुनाव आयोग से इतनी उम्मीद करते हैं कि वह हरियाणा की तरह इस राज्य में चुनाव न कराए। पूरे देश की जनता देख रही है कि हरियाणा में क्या हुआ। चाहे **EVM** हो या पोस्टल बैलेट, जो हुआ वह सबने देखा है। पैसों का खेल चलेगा, पुलिस और सिस्टम का इस्तेमाल होगा। अगर चुनाव आयोग खुद को निष्पक्ष मानता है तो उसे निष्पक्ष चुनाव कराने होंगे।
>
> **- संजय राउत, शिवसेना (उबाठा)**

### महाराष्ट्र विधानसभा का चुनावी गणित

महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। महाराष्ट्र में विधानसभा सीट की कुल 288 सीटें हैं, जबकि बहुमत के लिए 145 सीटें जरूरी हैं। महाराष्ट्र में महायुति और महा विकास अघाड़ी गठबंधनों के बीच कांटे की टक्कर है। 2019 में विधानसभा चुनावों में बीजेपी 152 सीटों पर लड़ी थी। तब बीजेपी ने अविभाजित शिवसेना के लिए 124 सीटें छोड़ी थी। वहीं एनडीए ने अपने अन्य सहयोगियों के लिए 12 सीटें छोड़ रखी थीं। इससे पहले बीजेपी ने साल 2014 के विधानसभा चुनाव में 122 और 2019 में 105 सीटों पर जीत हासिल की थी।

### शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं की उदासीनता को लेकर चिंतित

चुनाव आयुक्त ने कहा कि हम शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं की उदासीनता को लेकर वास्तव में चिंतित हैं और उनसे अपील करना चाहते हैं कि वे आकर मतदान करें। उन्होंने कहा कि मतदान नहीं करना, एक स्वस्थ प्रवृत्ति नहीं है, जो दिखाई दे रही है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार ने गुड़गांव और फरीदाबाद के अलावा जुबली हिल्स, हैदराबाद, बेंगलुरु साउथ, गांधीनगर, कोलाबा, पुणे, ठाणे का उदाहरण दिया। इन शहरी क्षेत्रों में मतदान संबंधित राज्य के औसत मतदान से काफी कम है।

### लोकसभा चुनाव में क्या रहा गठबंधन का प्रदर्शन

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में महायुति गठबंधन का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। जिसमें तीनों दलों ने मिलकर मात्र 17 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। जबकि महा विकास अघाड़ी का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक बढ़िया रहा था। विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए), जिसमें शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस शामिल हैं, ने शानदार प्रदर्शन किया और 48 में से 30 सीटें जीतीं।

## झारखंड के भाग्य विधाता

**2.06 करोड़** कुल मतदाता

**1.31 करोड़** पुरुष मतदाता

**1.29 करोड़** महिला मतदाता

**3.67 लाख** दिव्यांग मतदाता

**448** थर्ड जेंडर मतदाता

**66.84 लाख** कुल युवा मतदाता

**11.84 लाख** फर्स्ट टाइम वोटर

**1706** सौ साल से ऊपर वाले मतदाता

**1.14 लाख** 85 वर्ष से ऊपर के मतदाता




जम्हूरियत के जश्न में आपकी शिरकत
दुनिया देखेगी नापाक इरादों के शिकस्त की कहानी
**- राजीव कुमार, मुख्य चुनाव आयुक्त**

## झारखंड

- दो चरणों में होंगे विधानसभा चुनाव
- 13 और 20 नवंबर को मतदान

**रांची/नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। यहां 81 विधानसभा सीटों पर दो चरण में चुनाव होंगे। पहले चरण में 13 नवंबर और दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा। जबकि 23 नवंबर को मतगणना होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि झारखंड में पहले चरण की अधिसूचना 18 अक्तूबर को जारी होगी। जबकि नामांकन 25 अक्तूबर से शुरू होंगे। वहीं नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्तूबर को होगी। नाम वापसी 30 अक्तूबर को होगी। जबकि मतदान 13 नवंबर को होगा। वहीं दूसरे चरण के चुनाव की अधिसूचना 22 अक्तूबर को जारी होगी। नामांकन 29 अक्तूबर से होंगे। नामांकन पत्रों की जांच 30 अक्तूबर को होगी। जबकि नाम वापसी एक नवंबर को होगी। दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा। नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।




### झारखंड में होंगे कुल 29562 मतदान केंद्र

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि झारखंड में कुल 29562 मतदान केंद्र होंगे। इसमें 20221 लोकेशन पर मतदान केंद्र हैं। इसमें 5042 मतदान केंद्र शहरी क्षेत्र और 24520 मतदान केंद्र ग्रामीण इलाकों में होंगे। आयोग के मुताबिक हर मतदान केंद्र पर औसत 881 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड में कुल 81 विधानसभा सीटों में से सामान्य सीटें 44, एसटी सीटें 28 और एससी नौ हैं। झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को खत्म हो रहा है।


### झारखंड के 5 प्रमंडल में 24 जिले और 81 विधानसभा सीटें

बिहार से अलग होकर 15 नवंबर 2000 को अस्तित्व में आया झारखंड राज्य 5 प्रमंडल में बंटा हुआ है। राज्य में 24 जिले हैं। इनमें 81 विधानसभा सीटें हैं। संताल परगना प्रमंडल के 6 जिलों में 18 विधानसभा सीटें हैं। 7 विधानसभा सीटें अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित हैं। संताल परगना की देवघर विधानसभा सीट अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित है।

### उत्तरी छोटानागपुर में सबसे ज्यादा 7 जिले और 25 विधानसभा सीटें

उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल में 7 जिले हैं। इसी प्रमंडल में सबसे अधिक 25 विधानसभा सीटें हैं। 4 सीटें अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं। इस प्रमंडल में कोई विधानसभा सीट आदिवासियों यानी अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित नहीं है। धनबाद, रामगढ़ और कोडरमा 3 जिले ऐसे हैं, जहां की सभी विधानसभा सीटें अनारक्षित हैं।

## वायनाड में 13 और महाराष्ट्र के नांदेड़ में 20 नवंबर को उपचुनाव




**उपचुनाव मुख्य डेट्स**

| | |
|---|---|
| नोटिफिकेशन: 18-10-24 | नाम वापसी की आखिरी तारीख: 30-10-24 |
| नामांकन की आखिरी तारीख: 25-10-24 | मतदान: 13-11-2024 |
| नामांकन की जांच: 28-10-24 | रिजल्ट: 23-11-2024 |

केरल की वायनाड लोकसभा सीट और विभिन्न राज्यों की 47 विधानसभा सीट के लिए 13 नवंबर को उपचुनाव होगा, जबकि महाराष्ट्र के नांदेड़ संसदीय क्षेत्र और तथा उत्तराखंड के केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के लिए 20 नवंबर को उपचुनाव कराया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को 15 राज्यों के 48 विधानसभा क्षेत्रों एवं दो संसदीय क्षेत्रों के लिए उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि वायनाड लोकसभा क्षेत्र में 13 नवंबर तथा नांदेड़ संसदीय सीट के लिये 20 नवंबर को मतदान होगा।

### विधानसभा की 48 सीट के लिए 13 नवंबर को मतदान

चुनाव आयोग ने बताया, विधानसभा की 48 सीट के लिए 13 नवंबर तथा उत्तराखंड के केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के लिए 20 नवंबर को मतदान कराए जाएंगे। 23 नवंबर को रिजल्ट आएंगे। 15 राज्यों के 48 विधानसभा सीट और दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव कराए जाएंगे। जिसमें असम की 5, बिहार की 4, छत्तीसगढ़ की एक, गुजरात की एक, कर्नाटक की 3, केरल की एक विधानसभा और एक लोकसभा (वायनाड), मध्य प्रदेश की दो, महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट, मेघालय की एक, पंजाब की 4, राजस्थान की 7, सिक्किम की दो, उत्तर प्रदेश की 9, उत्तराखंड की एक और पश्चिम बंगाल की 6 सीटों पर उपचुनाव कराए जाएंगे।




### 'इलेक्शन में मनी और मसल पावर पर कसेंगे लगाम'

चुनाव आयुक्त ने कहा कि हर तरह से निष्पक्ष चुनाव पर फोकस रहेगा। किसी भी तरह के प्रलोभन पर नजर रहेगी। मनी, मसल पावर पर लगाम कसी जाएगी। इसके अलावा नशे आदि पर भी रोक लगाने का प्रयास रहेगा। चीफ इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार ने कहा कि हमने तय किया है कि किसी भी मतदाता को 2 किलोमीटर से ज्यादा का सफर वोटिंग के लिए न करना पड़े। महाराष्ट्र और झारखंड की सीमाओं पर भी कड़ी चौकसी रखी जाएगी ताकि दूसरे राज्यों से कैश, नशे आदि की तस्करी न होने पाए।

# महाराष्ट्र में सात विधायकों की लगी लॉटरी

## आचार संहिता से पहले ली विधान परिषद सदस्य की शपथ

**महायुति के राज्यपाल मनोनीत 7 विधायक**

- चित्रा वाघ (बीजेपी)
- विक्रांत पाटिल (बीजेपी)
- महंत बाबूसिंह महाराज (बीजेपी)
- हेमंत पाटिल (शिवसेना)
- मनीषा कायंदे (शिवसेना)
- पंकज भुजबल (एनसीपी)
- इदरीश इलियास नायकवडी (एनसीपी)



**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र के लोकतंत्र के जिस महापर्व का राज्य के सियासी लोगों के साथ-साथ जनता भी बेसब्री इंतजार कर रही थी, उस विधानसभा चुनाव का बिगुल मंगलवार को केंद्रीय चुनाव आयोग ने बजा दिया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने नई दिल्ली में महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए चुनावी कार्यक्रम घोषित किया, इसी के साथ महाराष्ट्र में चुनावी आचार संहिता लागू हो गई है। लेकिन इससे पहले महायुति के 7 नेताओं की लॉटरी लग गई। महाराष्ट्र सरकार द्वारा सोमवार को भेजी गई 7 नामों वाली सूची को राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने राज्यपाल मनोनीत विधायक के तौर पर मंजूरी दे दी और मंगलवार को विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोर्हे की उपस्थिति में इन सात नेताओं का विधान परिषद सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण भी संपन्न करा दिया गया।

विधान परिषद की राज्यपाल मनोनीत 12 विधायकों को लेकर लंबे समय से चल रहा गतिरोध मंगलवार को आंशिक तौर पर समाप्त हो गया। सोमवार को राज्य की महायुति सरकार ने कैबिनेट बैठक के बाद 7 नामों की एक सूची राज्यपाल को भेजी थी। बीजेपी के तीन और शिवसेना (शिंदे गुट) के दो और एनसीपी (अजित पवार) के दो सदस्यों के नाम वाली सूची को राज्यपाल ने अपनी मंजूरी दे दी। मंगलवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले विधानभवन में विधान परिषद की उपाध्यक्ष नीलम गोर्हे की मौजूदगी में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में इन 7 विधायकों को शपथ दिलाई गई।

### कोर्ट पहुंचा था मामला ?

महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास आघाडी सरकार ने अपने 12 नाम तत्कालीन राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी को भेजे थे लेकिन कोश्यारी ने उस फाइल पर निर्णय नहीं लिया। यह मामला कोर्ट भी पहुंचा लेकिन फैसला नहीं हो पाया। बाद में शिवसेना में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में हुई बगावत के कारण हुए सत्ता परिवर्तन के बाद अस्तित्व में आई मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महायुति सरकार ने पूर्ववर्ती महाविकास आघाड़ी सरकार द्वारा भेजी गई सूची वापस मंगा ली थी।

### महायुति सरकार पर बरसे मोदी

अब महायुति सरकार ने सोमवार को 7 नए नाम राज्यपाल को भेजे, जिसे राज्यपाल ने मंजूरी दे दी। याचिकाकर्ता सुनील मोदी ने इस पर कहा है कि सरकार संविधान और अदालतों का सम्मान नहीं करती, यह एक बार फिर साबित हो गया, दो साल पहले मैं राज्यपाल द्वारा नियुक्त 12 विधायकों को लेकर सुप्रीम कोर्ट गया था। फिर हाईकोर्ट आये। हाई कोर्ट में हमारी याचिका पर बहस पूरी हो गई है। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस याचिका को फैसले के लिए सुरक्षित रख लिया। फैसले के रिजर्व होने के बाद ऐसे फैसले नहीं लिए जा सकते। यदि कोर्ट इन सबके खिलाफ फैसला देता है तो क्या ये सात लोग विधायक बन सकते हैं? सरकार द्वारा 48 घंटे में यह सब करना असंवैधानिक है। आने वाले चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाएगी। हम इस संबंध में हाई कोर्ट में रेफरेंस दाखिल करने जा रहे हैं।

# सिविल अस्पताल में चिकित्सक ने छीनी दो जिंदगी

## गलत इलाज से जच्चा-बच्चा की मौत



**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

सिविल अस्पताल में एक डॉक्टर के गलत इलाज से प्रसूता और नवजात की मौत हो गई. सिविल अस्पताल में कई महीनों से गर्भवती महिला का इलाज चल रहा था, लेकिन धरती के भगवान कहे जानेवाले चिकित्सक ही भक्षक बन गए। महिला के परिजनों का आरोप है कि प्रसूति के दौरान यहां सेवारत चिकित्सक की ओर से बरती गई घोर लापरवाही ने जच्चे व बच्चे दोनों की ही जिंदगियां ली है।

### क्या है मामला?

मिली जानकारी के अनुसार ठाणे के वागले इस्टेट स्थित हजूरी में रहनेवाले रामलौटन राजभर की 25 साल की पुत्री आरती राजभर गर्भवती थी। उसका इलाज ठाणे जिला सिविल अस्पताल में चल रहा था। यहां के चिकित्सकों द्वारा जांच में लगातार लापरवाही बरती जा रही थी। वह अपनी मां के साथ अस्पताल की ओपीडी में तो जरूर जाती थी, लेकिन डॉक्टर जांच नहीं करते थे। इस वजह से उन्हें वापस लौटना पड़ता था। इसी तरह से काफी समय बीत गया। नौंवा महीना लगने के बाद भी अस्पताल में यह सिलसिला चलता रहा। इस बीच दिक्कत ज्यादा बढ़ने पर माता-पिता ने भर्ती कराने के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन उसे भर्ती नहीं किया गया, बल्कि प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला को चार से पांच घंटों तक बिठाए रखा गया। इस बीच अस्पताल प्रशासन पर डाले गए दबाव के बाद महिला की भर्ती तो हो गई लेकिन उसके इलाज में घोर लापरवाही बरती गई। अंतत: उसकी हालात बिगड़ते जा रही थी, ऐसे में उसका तत्काल सिजेरियन करना चाहिए था, लेकिन यह प्रक्रिया दूसरे दिन यानी रविवार शाम पांच बजे की हुई। सिजेरियन के समय बच्ची मरी हुई पैदा हुई, जबकि इसके करीब पांच घंटे के बाद महिला की भी मौत हो गई।

### अस्पताल की लापरवाही से नाराज परिजनों ने की चिकित्सक के निलंबन की मांग

इस घटना से लाचार परिजनों ने लापरवाही बरतने वाले और अभद्रता से बातचीत करने वाले चिकित्सक और नर्सों को पर भड़ास निकालते हुए उनके निलंबित की मांग करने लगे। साथ ही जिद पर अड़ गए कि जब तक निलंबित की कार्रवाई नहीं हो जाती है, तब तक न तो पोस्टमार्टम करने देंगे और न ही शव को लेंगे। साथ ही परिजन धरने पर बैठ गए थे। उनके इस जिद से सिविल अस्पताल प्रशासन सकते में आ गया। चिकित्सक की इस घोर लापरवाही पर संज्ञान लेते हुए उसे तत्काल अस्पताल से सेवा समाप्त करते हुए वापस उपनिदेशक कार्यालय में भेज दिया गया है। साथ ही अभद्रता से बात करनेवाली नर्सों की पहचान की जा रही है। उनके खिलाफ भी निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। इसी के साथ ही मामले की समिति के माध्यम से जांच कराई जाएगी।

### बड़ी उम्मीद के साथ आई थी पापा की दुलारी बिटिया

मृतका के पिता रामलौटन राजभर ने कहा कि बेटी आरती को पूर्ण रूप से विश्वास था कि उसके पापा अपनी दुलारी बिटिया को कुछ नहीं होने देंगे। इसी आस के साथ ही वह नालासोपारा में अपने पति और ससुरालवालों से जिद करके मेरे पास आई थी। लेकिन उसके इस विश्वास को सिविल अस्पताल के चिकित्सकों ने चकनाचूर दिया, बल्कि उसकी आंखों को हमेशा के लिए बंद भी कर दिया।

# मिल श्रमिकों के लिए 81 हजार मकान बनाने का ठेका : मंत्री अतुल सावे

**दीपक पवार । मुंबई**



मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार मिल श्रमिकों के उचित आवास के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मिल श्रमिकों के आवास के लिए मुंबई महानगरीय क्षेत्र में 81 हजार घर बनाने का समझौता किया जा रहा है। मिल श्रमिकों के 1 लाख 74 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं और 1 लाख 8 हजार आवेदन श्रम विभाग द्वारा मान्य किये गये हैं। आवास मंत्री अतुल सावे ने आज कहा कि मिल श्रमिकों के लिए अधिक से अधिक घर बनाए जाएंगे। कर्मयोगी एवीपी रियलिटी और चड्ढा डेवलपर्स और प्रमोटर्स, जो प्रोजेक्ट प्रमोटरों के चयन के लिए रुचि की अभिव्यक्ति प्रक्रिया में योग्य थे, को मंत्री सावे द्वारा आशय पत्र दिया गया, वह इस समय बोल रहे थे। इस अवसर पर आवास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव वल्सा नायर सिंह उपस्थित थीं।

### कुल 15 हजार 870 फ्लैट आवंटित

मंत्री सावे ने कहा कि 1982 की हड़ताल के बाद बृहन्मुंबई में 58 बंद और बीमार कपड़ा मिलों के मिल श्रमिकों को म्हाडा के माध्यम से कुल 15 हजार 870 फ्लैट आवंटित किए गए हैं। अन्य 2874 फ्लैट म्हाडा के माध्यम से मिल श्रमिकों को आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शेष मिल श्रमिकों की पात्रता निर्धारित कर दी गई है और अभी भी लगभग 1 लाख घरों की आवश्यकता है। मंत्री सावे ने कहा कि सोलापुर के रे नगर में देश की सबसे बड़ी श्रमिक कॉलोनी स्थापित की गई है. हमने 81 हजार घर बनाने का समझौता किया है। हमने मुंबई महानगरीय क्षेत्र में दो अलग-अलग कंपनियों को शामिल किया है और उनके माध्यम से मिल श्रमिकों के लिए घर बनाए जाएंगे। 5 लाख 50 हजार रुपये सरकार देगी जबकि शेष 9 लाख 50 हजार रुपये पात्र लाभार्थी मिल श्रमिकों या उनके उत्तराधिकारियों को देना होगा। यह घर 15 लाख रुपये में मिलेगा और अगले 3 साल में उपलब्ध करा दिया जाएगा। मंत्री सावे ने यह भी बताया कि इसमें 300 वर्ग फीट का रहने योग्य घर, सामुदायिक हॉल, बगीचा, बच्चों के लिए खेल का मैदान, वरिष्ठ नागरिकों के लिए छोटा पार्क होगा।

# ब्लॉक के कारण उदवाडा-वापी स्टेशन के बीच कुछ ट्रेनें प्रभावित



**दोपहर संवाददाता । मुंबई/वापी**

रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए बो स्ट्रिंग गर्डर लॉन्च करने हेतु 17, 18, 19 और 25 अक्टूबर, 2024 को ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक उदवाडा-वापी स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन मेन लाइन तथा अप एवं डाउन सेपरेट लाइन पर लिया जाएगा, जिसके कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी।

### 17 और 19 अक्टूबर को रेगुलेट होने वाली ट्रेनें

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 20907 दादर- भुज सयाजीनगरी एक्सप्रेस 55 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 20908 भुज- दादर सयाजीनगरी एक्सप्रेस 45 मिनट रेगुलेट होगी। ट्रेन संख्या 12926 अमृतसर- मुंबई सेंट्रल पश्चिम एक्सप्रेस 30 मिनट रेगुलेट होगी। 19 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 02134 जबलपुर- बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 1 घंटा रेगुलेट होगी।

### 18 और 25 अक्टूबर को रेगुलेट होने वाली ट्रेनें

ट्रेन संख्या 20908 भुज– दादर सयाजीनगरी एक्सप्रेस 30 मिनट रेगुलेट होगी। ट्रेन संख्या 12926 अमृतसर– मुंबई सेंट्रल पश्चिम एक्सप्रेस 20 मिनट रेगुलेट होगी। ट्रेन संख्या 12996 अजमेर– बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस 30 मिनट रेगुलेट होगी। ट्रेन संख्या 14806 बाड़मेर– यशवंतपुर एक्सप्रेस 25 मिनट रेगुलेट होगी।

# लोकल से गिरकर युवक की मौत



**दोपहर संवाददाता । डोंबिवली**

दरवाजे पर लटककर यात्रा कर रहे एक युवक की स्थानीय देरी के कारण मौत हो गई. सेंट्रल रेलवे लाइन पर डोंबिवली और कोपर स्टेशनों के बीच तेज गति से चलती लोकल से गिरने के बाद आयुष जतिन दोशी (उम्र 20) की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार (15 तारीख) सुबह करीब 9 बजे की है।

### कैसे हुआ हादसा?

पश्चिम डोंबिवली के ठाकुरवाड़ी में मधुकुंज सोसायटी में रहने वाले आयुष तरुण मंगलवार सुबह काम के लिए मुंबई के लिए निकले थे। उन्होंने डोंबिवली से अपनी यात्रा फास्ट लोकल से शुरू की जो प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर पहुंची। लेकिन दरवाजे पर भारी भीड़ होने के कारण आयुष अंदर नहीं जा सके। इसलिए वह दरवाजे पर लटककर यात्रा कर रहे थे। डोंबिवली से लोकल निकलने के बाद दरवाजे पर लटके आयुष की चिकने स्टील पाइप से पकड़ ढीली हो गई और वह तेज रफ्तार लोकल से नीचे गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही डोंबिवली लोह मार्ग पुलिस ने मौके पर जाकर मुआयना किया। फिर सिर पर चोट लगने के बाद आयुष को केडीएमसी के शास्त्री नगर हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया। लेकिन अस्पताल में भर्ती करने से पहले ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। केडीएमसी के शास्त्रीनगर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद आयुष का शव उसकी मां नीता दोशी को सौंप दिया गया।

# कामतघर में आरसीसी रोड निर्माण का हुआ उद्घाटन



**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

शहर वार्ड क्रमांक 21 कामतघर गांव से ओशो पार्श्वनाथ, सिल्वर पार्क सोसायटी आरसीसी सड़क का भूमिपूजन भिवंडी पश्चिम भाजपा विधायक महेश चौघुले, शिवसेना भिवंडी शहर जिला प्रमुख सुभाष माने, भाजपा जिला अध्यक्ष एड हर्षल पाटिल के शुभ हाथों से नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर भिवंडी मनपा के पूर्व उपमहापौर और स्थानीय वरिष्ठ नगरसेवक मनोज काटेकर ने शॉल और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर मेहमानों का स्वागत किया। इस अवसर पर भिवंडी के पूर्व उप महापौर और वरिष्ठ नगरसेवक मनोज काटेकर, श्याम भोईर, गोपी काटेकर, शरद म्हात्रे, राम पाटिल, रजनीश पाटिल, तेजस काटेकर और अन्य समाज के अध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। ठाणे में स्टेम वॉटर डिस्ट्रीब्यूशन फंड के तहत 2 करोड़ 30 लाख का काम किया गया।

# टोरेंट पावर द्वारा भिवंडी ग्रामीण के ग्राहकों के लिए संवाद कैंप का आयोजन




**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

टोरेंट पावर लिमिटेड द्वारा पूर्णा ग्राहक सेवा केंद्र, भिवंडी में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संवाद कार्यक्रम में २०० से अधिक ग्राहकों ने भाग लिया। टोरेंट अधिकारीयोंने न केवल उपभोक्ताओं के समस्या का समाधान किया बल्की इस अवसर का उपयोग एक जागरूकता निर्माण अभियान के रूप मे किया जिसमे भिवंडी पीडी उपभोक्ताओं के महावितरण बकाया के लिए विशेष ब्याज माफ़ी योजना – "महावितरण अभय योजना २०२४", लंबित कनेक्शन, डिजिटल भुगतान सेवाए, विद्युत सुरक्षा, बिल संबंध, डिजिटल भुगतान सेवाए, नया बिजली टैरिफ, जैसे विषयो पर उपभोक्ताओं को जागृत किया गया। इससे पहले टोरेंट पावर ने भिवंडी में इसी तरह के विभिन्न संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया था और इन संवादों में कुल 3000 से अधिक ग्राहकों ने भाग लिया था। इस संवाद कार्यक्रम में टोरेंट पावर के महाप्रबंधक - अंकित साहा, बीनू सेतुमाधवन, राघवेंद्र राव, विजय राणे, जनसंपर्क अधिकारी - मंदार घाणेकर, अमित कडू और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कई ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं ने टोरेंट पावर के इस संवाद कार्यक्रम को अच्छा प्रतिसाद दिया और इस में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के अवसर के रूप में लाभ उठाया।

# भिवंडी शिवसेना (शिंदे) विधि सेल अध्यक्ष पद पर एड. योगेश जाधव की नियुक्ति

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**



भिवंडी शिवसेना शिंदे गुट के शहर प्रमुख सुभाष माने ने सामाजिक कार्यकर्ता एड योगेश जाधव को नियुक्ति पत्र देकर विधि सेल भिवंडी शहर का अध्यक्ष बनाया है। गरीब और आम जनता के लिए सदैव न्याय की लड़ाई लड़ने वाले लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता एड योगेश जाधव भिवंडी शहर में काफी लोकप्रिय है। एडवोकेट जाधव की नियुक्ति से लोगों में भारी खुशी फैली हुई है, जिनका स्वागत करने के लिए शहर के सभी जाति धर्म के लोग इस नियुक्ति पर खुशी व्यक्त कर उनका अभिनंदन कर रहे हैं। योगेश जाधव की इस नियुक्ति पर उत्तर भारतीय समाज सेवा संस्था अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सिंह ,पूर्व नगर सेवक प्रशांत लाड, शिवसेना जिला सचिव समीर पवार,शिवसेना शाखा प्रमुख संजय काबूकर, हरिश्चंद्र लाड, पत्रकार गुरुप्रसाद सिंह, पत्रकार संध्या चक्रवर्ती, भाजपा जिला प्रसिद्ध प्रमुख पीडी यादव आदि ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए बधाई दी है।

# कांग्रेस के 95 उम्मीदवारों का लिया गया साक्षात्कार



**इच्छुक उम्मीदवारों की संख्या इस प्रकार है:**

- भिवंडी पश्चिम : 18
- मुरबाड :4
- भिवंडी पूर्व : 3
- शाहपुर : 2
- अंबरनाथ : 8
- बदलापुर : 3
- उल्हासनगर : 3
- डोंबिवली : 3
- कल्याण ग्रामीण : 1
- कल्याण पूर्व : 2
- कल्याण पश्चिम : 6

**दोपहर संवाददाता । कल्याण**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्यसभा सांसद चंद्रकांत हंडोरे ने कल्याण के ठाणे जिले में इच्छुक कांग्रेस उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया। अब तक 95 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया जा चुका है, जिनमें सबसे ज्यादा भिवंडी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 18 उम्मीदवार शामिल हैं। इच्छुक उम्मीदवारों में कल्याण ग्रामीण से कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधी संतोष केणे, कल्याण पूर्व के लिए कल्याण जिल्हाध्यक्ष सचिन पोटे, अंबरनाथ के लिये रोहित सालवे, कल्याण पश्चिम के लिये कांचन कुलकर्णी, डोंबिवली के लिये नवीन सिंह और पॉली जैकब जैसे पदाधिकारी साक्षात्कार के लिये पहुचे थे।

### चुनाव की तैयारी पर जोर देने पर दिया जोर

हंडोरे ने कार्यकर्ताओं की क्षमताओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया और चुनाव की तैयारी पर जोर देने पर जोर दिया। भिवंडी, अंबरनाथ और कल्याण निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवारों की संख्या अधिक है और कार्यकर्ता अपने काम में दक्षता दिखा रहे हैं। हंडोरे ने कहा कि शीट शेयरिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही उम्मीदवारों का फैसला किया जाएगा। साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यह भावना व्यक्त की कि ठाणे जिले में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं में बड़ी ताकत है।

# इस्लाम और पैगंबर के खिलाफ टिप्पणियों पर सख्त कानून की मांग



**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

इस्लाम धर्म व पैगंबर के खिलाफ टिपण्णी किए जाने की घटना बढ़ती जा रही है। जिसके विरोध में मुस्लिम समुदाय के लोगों की भावनाएं आहत हो रही है। धर्म गुरु के खिलाफ टिपण्णी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने हेतु मुस्लिम समुदाय विरोध प्रदर्शन करते नजर आते है।परंतु रसूल के खिलाफ कोई उचित कार्रवाई न होने के कारण आज जमाते रजा-ए-मुस्तफा भिवंडी उलेमाओं के एक शिष्टमंडल ने सांसद सुरेश काशीनाथ म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है।

# इंजीनियर से 70 लाख की ठगी

## ऑनलाइन शेयर बाजार में निवेश के नाम पर ठगी



**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

वर्तमान में।ऑनलाइन ट्रेडिंग के युग में जहां निवेशकों का ऑनलाइन ट्रेडिंग शेयर बाजार में निवेश करने का रुझान बढ़ा है, वहीं इस तरह के लेनदेन में धोखाधड़ी के मामले भी बड़े पैमाने पर शुरू हो गए हैं। ऐसी ही एक धोखाधड़ी में भिवंडी के एक ऑटो मशीन इंजीनियर युवक से 70 लाख रुपये की ठगी की गई है।

### अज्ञात 11 मोबाइल नंबर वालों के विरुद्ध मामला दर्ज

पुलिस के मुताबिक शहर में गैबीनगर क्षेत्र में रहने वाले जुबैर तजमुल अंसारी पेशे से ऑटो मशीन इंजीनियर हैं और उनसे 11 अलग-अलग मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर उन्हें एम. स्टॉक के एक फर्जी ऐप का लिंक भेजकर भरोसा हासिल किया। बाद में इंजीनियर को विभिन्न कारण बता कर एम. फर्जी ऐप स्टॉक में धोखाधड़ी वाले फर्जी आईपीओ की इंडियन फॉस्पेट लिमिटेड के शेयर खरीदने के लिए मजबूर किया गया। इसके द्वारा ऑटो मशीन इंजीनियर जुबैर तजम्मुल अंसारी ने आरोपियों को अपने विभिन्न बैंक खातों में से 69 लाख 98 हजार 375 रुपये की राशि का भुगतान करने के लिए प्रेरित किया। इस मामले में उनके द्वारा शांतिनगर पुलिस स्टेशन की गई शिकायत के बाद अज्ञात 11 मोबाइल नंबर वालों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। शांति नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दो बजे
# दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** प्रेम दुनिया की सबसे शक्तिशाली शक्ति है : हेमा मालिनी

## महायुति को सत्ता में आने नहीं देंगे: मनोज जरांगे



**मुंबई।** चुनाव की घोषणा होते ही मराठा नेता मनोज जरांगे पाटिल ने बड़ी घोषणा कर दी है। मनोज जरांगे पाटिल ने महायुति की सरकार को बड़ी चेतावनी दी है। मनोज जरांगे पाटिल ने कहा कि- कुनबी प्रमाणपत्र के लिए हमने बार-बार अनशन किया और आंदोलन भी किया लेकिन अभी तक मांगें नहीं मानी गई हैं। अब विधानसभा चुनाव में महायुति को सबक सखाने का मौका आ गया है। मनोज जरांगे पाटिल ने कहा कि प्रदेश की महायुति सरकार ने हमारे बच्चों को भिखारी बनाने की कोशिश की है। धोखा किया है। उन्होंने अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया। लेकिन आपको सत्ता में बैठाना या न बैठाना अब हमारे हाथों में है। मनोज जरांगे ने सीधी चेतावनी दी कि अब महायुति का सूपड़ा साफ़ किए बिना नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि जो मराठों को किनारे करके रखना चाहते हैं, उनको सत्ता में नहीं आने देंगे।

### 'ताकत और एकता दिखाएं मराठा'

मनोज जरांगे पाटिल ने महायुति की सरकार को खुले शब्दों में कहा कि अब हम उनको सत्ता में नहीं आने देंगे। यहां सवाल सिर्फ मराठों का नहीं, मुसलमानों का भी है, दलितों का है, यह किसानों का भी मुद्दा है। 14 महीने तक ताकत दिखाई। अब मराठों से अनुरोध है, ताकत और एकता दिखाओ। उन्होंने कहा- मराठा सौ फीसदी मतदान करें। अपने बच्चों और अपने समाज के हित के लिए वोट करें।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में चौथा संदिग्ध गिरफ्तार



**मुंबई।** एनसीपी नेता अजित पवार और पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हरीश कुमार बालकराम (23) को गिरफ्तार किया है। हरीश कुमार बाबा सिद्दीकी की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया चौथा संदिग्ध है। हरीश कुमार बालकराम पुणे में स्क्रैप डीलर के रूप में काम करते थे। उसे उत्तर प्रदेश के बहराइच से धन और रसद की आपूर्ति की व्यवस्था करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बाबा सिद्दीकी की बीते शनिवार रात को बांद्रा के खेरवाड़ी सिग्नल पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े होने का दावा किया है। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में प्रवीण लोनकर को रविवार देर रात पुणे से गिरफ्तार किया गया। कोर्ट ने उन्हें 21 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। प्रवीण इस अपराध में गिरफ्तार किया गया तीसरा आरोपी है।

# सरकारी कर्मचारियों को सीएम शिंदे का बड़ा तोहफा, मिलेगा दिवाली बोनस

दोपहर संवाददाता | मुंबई

निर्वाचन आयोग द्वारा महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की घोषणा से चंद मिनट पहले, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने निचले स्तर के सरकारी कर्मचारियों के लिए दिवाली बोनस की घोषणा की। उन्होंने बीएमसी (बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कारपोरेशन) कर्मचारियों को भी 29 हजार रुपये बोनस देने की घोषणा की है। यह पिछले साल से तीन हजार रुपये ज्यादा है। किंडरगार्टन शिक्षकों और आशा वर्कर्स को भी बोनस मिलेगा। सोशल हेल्थ वालंटियर्स को दिवाली बोनस के रूप में 12,000 रुपये और किंडरगार्टन टीचर/हेल्पर को 5,000 रुपये मिलेंगे।



### नगर मजदूर संघ ने की थी मांग

बता दें कि कुछ दिन पहले राज्यसभा सांसद रामदास आठवले की अध्यक्षता वाले नगर मजदूर संघ ने बीएमसी के कर्मचारियों के लिए 40,000 रुपये के दिवाली बोनस की मांग की थी। यूनियन ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और नगर निगम आयुक्त से कर्मचारियों को एक्स ग्रेसिया बोनस देने का अनुरोध किया था। पिछले साल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 8 नवंबर को, बीएमसी कर्मचारियों के लिए 26,000 रुपये के दिवाली बोनस की घोषणा की थी।

### बोनस की घोषणा आदर्श आचार संहिता लागू होने से चंद मिनट पहले हुई

सरकार की घोषणा इसलिए भी अहम है क्योंकि विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता (MCC) लागू हो गई है। अब किसी भी तरह के सरकारी लाभ वाले एलान पर पाबंदी रहेगी। हालांकि, कुछ अति विशिष्ट परिस्थितियों में निर्वाचन आयोग की मंजूरी के बाद सरकार पैसे जारी कर सकती है।

### मदरसा शिक्षकों को कितना लाभ?

इससे पहले बीते 11 अक्तूबर को राज्य सरकार ने मदरसा शिक्षकों का पारिश्रमिक बढ़ाने का एलान किया। राज्य की कैबिनेट ने डीएड डिग्री वाले मदरसा शिक्षकों का मानदेय 6,000 से बढ़ाकर 16,000 और बीए, बीएड और बीएससी डिग्री वाले शिक्षकों का वेतन 8,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 करने का भी फैसला किया।

### लाडली बहनों को भी 5500 रुपए बोनस



लाडली बहनों की दिवाली और भी मीठी होने वाली है। माना जा रहा है कि लाडली बहनों को 5500 रुपये का बोनस मिलेगा। महायुति सरकार ने अक्टूबर महीने में पात्र लड़कियों और महिलाओं को अतिरिक्त बोनस देने का फैसला किया है। चूंकि दिवाली अक्टूबर के आखिरी हफ्ते में है और उससे पहले सभी लाभार्थी लड़कियों और महिलाओं को सरकार की ओर से 3000 रुपये का बोनस मिलेगा। यह राशि 1500 रुपये प्रति हर महीने से अलग से भुगतान की जाएगी। साथ ही कुछ महिलाओं को 2500 रुपये अतिरिक्त दिये जाएंगे। ऐसे में उनको कुल 55 सौ रुपये मिलेंगे।

## वाहनों का ई-चालान दंड माफ करने के लिए भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री से की मांग



**मुंबई।** प्रदेश की भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार ने मुंबई में एंट्री करने वाले सभी पांच टोल बूथों पर हल्के मोटर वाहनों के लिए पूरी तरह से टोल माफ करने के ऐलान के बाद भाजपा नेता शुभ्रांशु दीक्षित ने मांग की है कि उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर महाराष्ट्र सरकार वाहनों पर लगाए गए जुर्माने को माफ करें। इस बाबत भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र भी लिखा है।

### मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

एक अत्यंत गंभीर विषय के प्रति ध्यान आकर्षित करते हुए मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में भाजपा नेता ने लिखा है,'मैं आपका इस बात से अवगत कराना चाहता हूं। मुंबई सहित पूरे राज्य में वाहन मालिकों के पास ई-चालान के माध्यम से दंड वसूलने की नोटिस आई है। इसमें ज्यादातर ई-चालान गलत पार्किंग और ओवर स्पीड की है। मुंबई में पार्किंग की दिक्कत होने के कारण कई बार वाहन चालकों को सड़क पर मजबूरी में पार्किंग करनी पड़ती है। ट्रैफिक विभाग इन वाहनों पर दंडात्मक कार्रवाई के रुप में ई-चालान कर देता हैं। इससे वाहन मालिक और चालक दोनों ही परेशान हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने 1 जनवरी, 2017 से 31 दिसंबर, 2021 के बीच काटे गए वाहनों के चालान माफ़ किए थे। चालान माफ़ होने के बाद, वाहन मालिकों को कोई जुर्माना नहीं भरना पड़ा था। उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर महाराट्र में भी वाहन चालकों का चालान माफ किया जाना चाहिए। अगर महाराष्ट्र सरकार ने भी वाहनों का चालान माफ कर दिया तो वाहन मालिकों और चालकों को बड़ी राहत मिलेगी।'

दीक्षित ने कहा कि यह आम आदमी की सरकार है, इसलिए उन्हें उम्मीद है कि सरकार उनकी मांग सकारात्मक तरीके से विचार करेगी। इस पत्र में भाजपा ने मुंबई के टोल बूथों पर वाहनों का टोल टैक्स माफ करने के लिए महायुति सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## कांग्रेस ने महाराष्ट्र के लिए घोषित किए पर्यवेक्षक



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर जारी सियासी हलचल के बीच कांग्रेस ने पर्यवेक्षक के नामों का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मुंबई कोकण और सचिन पायलट को मराठवाड़ा का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। सचिन पायलट कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। उन्हें राजनीति का लंबा अनुभव है। वह वर्तमान में टोंक से विधायक हैं। पार्टी की तरफ से इससे पहले भी उन्हें कई अहम जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। इससे पहले अशोक गहलोत को कांग्रेस ने हरियाणा का पर्यवेक्षक बनाया था। लोकसभा चुनाव में उन्हें अमेठी का पर्यवेक्षक बनाया गया था। जी परमेश्वर को मुंबई और कोकण का पर्यवेक्षक बनाया गया है। वह कर्नाटक के गृह मंत्री हैं।

## मालाड पूर्व में बिस्मिल्ला खान चौक का उद्घाटन
### भाजपा नेता विनोद मिश्रा का प्रयास हुआ सफल



**मुंबई।** सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की दिशा में 15 अक्टूबर 2024 को सुबह 10 बजे, वार्ड 43 भाजपा, दिन्डोसी विधान सभा के हुमेरा पार्क, पठानवाड़ी, मालाड पूर्व में पूर्व नगरसेवक विनोद मिश्रा के अथक प्रयासों से नव निर्मित चौक, उद्यान, और स्मारक स्तंभ का लोकार्पण समारोह पद्म श्री विभूषित डा. सोमा घोष के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम भारतरत्न शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्ला खान की स्मृति में आयोजित किया गया, जहां उनके योगदान को सम्मानित करते हुए बिस्मिल्ला खान चौक का उद्घाटन किया गया। इसके अतिरिक्त, त्रिवेणी नगर से हुमेरा पार्क, पठानवाड़ी होते हुए गोकुल धाम तक डी.पी. रोड पर रुके हुए कार्यों का उद्घाटन और कचरा पेटी वितरण का कार्यक्रम भी विनोद मिश्रा के कर कमलों से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा वॉर्ड पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया।

**पश्चिम रेलवे**

**अंडर फ्लोर व्हील लेथ मशीन का सीएएमसी**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (रोलिंग स्टॉक), ईएमयू कारशेड विरार, मुंबई सेंट्रल डिवीजन, पश्चिमी रेलवे, विरार 401303 आमंत्रित करता है, **ई-टेंडर संख्या: डीआरएम-आरएस-2024-25-02-वीआर, दिनांक: 11.10.2024. कार्य का नाम:** ईएमयू सी/एस विरार में मेसर्स स्कुलफोर्ट मेक अंडर फ्लोर व्हील लेथ मशीन (यूएफडब्ल्यूएल) (मॉडल संख्या 2680 मशीन का नाम टीएफ 2000) का सीएएमसी कार्य के दायरे और तकनीकी विनिर्देश के अनुसार 3 वर्ष की अवधि के लिए है. **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.1,20,41,361/-. **ईएमडी:** रु.210200/-. **जमा करने की तिथि और समय:** 04.11.2024, 15.00 बजे तक. **खोलने की तिथि और समय:** 04.11.2024 को 15:30 बजे,उपरोक्त कार्यालय पते पर. अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं। 0631

लाइक करें : facebook.com/WesternRly

'चाहे 84 का हो जाऊं या 90 का, महाराष्ट्र को पटरी पर लाने तक नहीं रुकेगा यह बूढ़ा'

## चुनावी ऐलान पर पवार की ललकार



**मुंबई/पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि वह महाराष्ट्र को सही रास्ते पर लाने तक आराम से नहीं बैठेंगे। चाहे वह कितने ही बूढ़े क्यों न हो जाएं। शरद पवार ने महाराष्ट्र में सातारा जिले के फलटण में कहा कि चाहे 84 वर्ष का हो जाऊं या 90, यह बूढ़ा आदमी नहीं रुकेगा। वह एनसीपी नेता रामराजे नाइक निंबालकर के भाई संजीव राजे नाइक निंबालकर और फलटण के विधायक दीपक चह्वाण को एनसीपी (एसपी) में शामिल करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### क्यों दिया बूढ़े पर बयान?

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने अपनी पार्टी के कुछ युवा सदस्यों को उनकी तस्वीरों वाले बैनर लिए देखा था। एनसीपी (एसपी) अध्यक्ष ने कहा कि उन बैनर पर मुझे 84 साल का बूढ़ा आदमी बताया गया था। लेकिन आप चिंता मत करिए क्योंकि चाहे 84 का हो जाऊं या 90 का, यह बूढ़ा आदमी रुकेगा नहीं। यह बूढ़ा आदमी राज्य को सही रास्ते पर लाने तक रुकेगा नहीं और मुझे आपकी मदद मिलने का भरोसा है। उन्होंने राज्य में एकनाथ शिंदे नीत गठबंधन सरकार पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाया। अगस्त में सिंधुदुर्ग जिले के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने पर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि यह घटना दिखाती है कि प्रतिमा के निर्माण में भ्रष्टाचार किया गया। उन्होंने कहा कि यह उन लोगों की नीति है जो हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार में लिप्त रहते हैं।

## महाविकास अघाड़ी में 220 सीटों पर बनी सहमति

### आज दिल्ली में होगी बड़ी बैठक

दोपहर संवाददाता | मुंबई

चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया है। राज्य की 288 सीटों पर एक चरण में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। इस ऐलान के साथ ही राज्य का सियासी पारा हाई हो गया है। राजनीतिक दल अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में महाविकास अघाड़ी में 220 सीटों पर सहमति बन गई है। तीनों दल (कांग्रेस, एनसीपी 'शरद पवार गुट' और शिवसेना 'उद्धव गुट') फिलहाल इन सीटों पर उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे। महाविकास अघाड़ी के दलों में बची सीटों पर जल्द सहमति बनेगी। उम्मीदवारों के चयन के लिए कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में शाम 5 बजे होगी। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना लगभग बराबर सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस अकेले 105 से 110 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

### प्रचार के लिए कम समय



चुनाव की तारीखों के ऐलान पर भी विपक्ष की प्रतिक्रिया आई है। विपक्ष ने कहा कि चुनाव आयोग ने 35 दिन में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया पूरी करने की घोषणा की है। यूपी के बाद महाराष्ट्र विधानसभा सबसे बड़ी है। इसके बावजूद एक चरण में चुनाव कराया जा रहा है। इसी साल राज्य में लोकसभा चुनाव 5 चरण में कराया गया था। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा, चुनाव आयोग राजनीतिक दलों को उम्मीदवार तय करने, नामांकन दाखिल करने और प्रचार के लिए करीब 40 दिन का समय देता है।

मगर, इस बार 35 दिन मिले हैं। इस वजह से हमें प्रचार के लिए कम समय मिलेगा। यह विपक्ष को कम समय देने की किसी प्लानिंग का हिस्सा भी हो सकता है।

### सीईसी को जल्द भेजी जाएगी उम्मीदवारों की लिस्ट

कांग्रेस का दावा है कि महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के समर्थन में लहर चल रही है। एमवीए राज्य को एनडीए से बचाने के एजेंडे के साथ चुनाव मैदान में उतरेगा। महाराष्ट्र कांग्रेस नेता नसीम खान ने कहा कि कांग्रेस के पास सभी सीटों पर मजबूत उम्मीदवार हैं। उम्मीदवारों की एक लिस्ट जल्द ही कांग्रेस चुनाव समिति को भेजी जाएगी।

**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक - प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिमी रेलवे मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, एनएफआर अनुभाग मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008.

**कार्य - मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करना।**

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| एमएमसीटी-एडीवीडीएम24-21 | 28.10.2024, 14:00:00 |

| अ. क्र. | लॉट क्रमांक | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **एमएसएस-बीसीटी-एमएमसीटी- पीआर कियोस्क- 47-24-1** (विविध-स्थिर-सेवाएं -प्रचार कियोस्क) | चर्चगेट से विरार (29 स्टेशन) तक के स्टेशनों/स्थानों पर प्रचार कियोस्क/उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुबंध के लिए 3 वर्ष की अवधि के लिए ई-नीलामी। | 1095 | 28.10.2024, 14:30:00 |

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी शुरू (सभी लॉट) |
|---|---|
| एमएमसीटी-एडीवीटी-24-44 | 28.10.2024, 15:00:00 |

| अ. क्र. | लॉट क्रमांक | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **एडीवीटी-बीसीटी-बीवीआई-ओएसएन-161- 24-1** (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | बोरीवली (बीवीआई) स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज पर तीन साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 28.10.2024, 15:30:00 |
| 2. | **एडीवीटी-बीसीटी-एसटी सी-ओएसएन-340-24-1** (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | सांताक्रूज़ (STC) स्टेशन पर तीन साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 28.10.2024, 15:40:00 |
| 3. | **एडीवीटी-बीसीटी-एमडीडी-ओएसएन-344-24-1** (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | मालाड (एमडीडी) स्टेशन पर तीन साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 28.10.2024, 15:50:00 |
| 4. | **एडीवीटी-बीसीटी-पीबीएच डी-ओएसएन-299-24-1** (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | प्रभादेवी (पीबीएचडी) स्टेशन पर तीन वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 28.10.2024, 16:00:00 |
| 5. | **एडीवीटी-बीसीटी-जेओएस -ओएसएन-229-24-1** (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | जोगेश्वरी (जेओएस) स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज पर कुल प्रदर्शन क्षेत्र 2,315 वर्ग फुट के साथ तीन वर्ष की अवधि के लिए निम्नलिखित के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए थोक विज्ञापन अधिकारः (ए) बोर्डः मात्रा 80 संख्या और प्रदर्शन क्षेत्र 1,920 वर्ग फुट; और (बी) ग्लो साइन्सः मात्रा 60 गैर और प्रदर्शन क्षेत्र 360 वर्ग फुट (v) डिजिटल स्क्रीन 01 गैर और प्रदर्शन क्षेत्र 35 वर्ग फुट. | 1095 | 28.10.2024, 16:10:00 |
| 6. | **एडीवीटी-बीसीटी-एमडीडी-ओएसएन-301- 23-1** (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | मलाड (एमडीडी) स्टेशन पर एस्केलेटर और सीढ़ियों के लैंडिंग के खंभों पर डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से तीन साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 28.10.2024, 16:20:00 |
| 7. | **एडीवीटी-बीसीटी-एमएम-ओएसएन-189- 24-1** (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | माहिम (एमएम) स्टेशन पर प्लेटफॉर्म और फुट ओवर ब्रिज पर तीन साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकारः (ए) बोर्डः 106 संख्या, और डिस्प्ले क्षेत्र 3,024 मात्रा वर्ग फुट; और (बी) ग्लो साइनः मात्रा 50 संख्या.और प्रदर्शन क्षेत्र 300 वर्ग फीट. | 1095 | 28.10.2024, 16:30:00 |
| 8. | **एडीवीटी-बीसीटी-पीएल ओएसएन-298-24-1** (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | लोअर परेल (PL) 1095 स्टेशन पर तीन साल की अवधि के लिए विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 28.10.2024, 16:40:00 |
| 9. | **एडीवीटी-बीसीटी-एमएक्स-ओएसएन-297-24-1** (स्टेशन पर विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | महालक्ष्मी (एमएक्स) स्टेशन पर तीन वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 28.10.2024, 16:50:00 |
| 10. | **एडीवीटी-बीसीटी-एनएस पी-ओएसएन-328-24-1** (स्टेशन पर विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | नालासोपारा (एनएसपी) स्टेशन पर तीन वर्ष की अवधि के लिए विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 28:10.2024, 17:00: 00 |
| 11. | **एडीवीटी-बीसीटी-डीआईसी-ओएसएन-230-23-1** (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | दहिसर (डीआईसी) स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज और सबवे पर विज्ञापन अधिकार | 1095 | 28.10.2024, 17:10:00 |
| 12. | **एडीवीटी-बीसीटी-यूओआई-ओएसएन-182- 24-1** (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | उमरोली (यूओआई) स्टेशन पर तीन साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 28.10.2024, 17:20:00 |

**नोटः** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल पर जाएं। वहां उल्लिखित कैटलॉग के अंतर्गत लॉट के अनुसार विवरण उपलब्ध हैं। 0630

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly

संपादकीय

# अग्निपरीक्षा

उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बाद देश की तीसरी सबसे बड़ी विधानसभा महाराष्ट्र है। 2019 में हुए पिछले आम चुनावों के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी मुख्यमंत्री बदलने की नौबत आई। ऐसे में अब दोनों राज्यों के राजनीतिक चौसर पर तमाम जनप्रतिनिधियों की अग्निपरीक्षा होगी। भाजपा के लिए यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि राज्य में 6 महीने पहले हुए लोकसभा चुनावों में पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा था। जून 2024 में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद इस्तीफे की पेशकश की थी। इस चुनाव में भाजपा को महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से केवल 9 सीटों पर जीत मिली थी, जबकि 2014 और 2019 में पार्टी ने 23 सीटें जीती थीं। भाजपा का वोट प्रतिशत भी 27.84% से घटकर 26.45% हो गया था। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण अग्निपरीक्षा है। चुनावी जीत से पार्टी का मनोबल बढ़ेगा, खासकर हरियाणा में 10 साल की सत्ता-विरोधी लहर के बावजूद पार्टी की शानदार जीत के बाद भाजपा अधिक सीटें जीतकर अपने गठबंधन सहयोगियों, शिवसेना और एनसीपी (अजित पवार गुट), के साथ सत्ता-साझेदारी में अपनी स्थिति को मजबूत कर सकती है। साथ ही चुनावी जीत भाजपा पर लगने वाले 'ऑपरेशन लोटस' के आरोपों को भी कमजोर कर देगी, जिसे पार्टी ने बार-बार नकारा है। यदि महाराष्ट्र में भाजपा उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाती, तो इसका असर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता पर भी पड़ सकता है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के कुल सीटों का आंकड़ा घटकर 240 हो गया था, जिसके बाद विपक्षी दलों ने दावा किया था कि मोदी की लोकप्रियता कम हो रही है। अगर विधानसभा चुनाव में विपक्षी दल जीतते हैं, तो यह साबित करेगा कि 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा का कमजोर प्रदर्शन कोई अपवाद नहीं था। पिछले एक दशक से भाजपा महाराष्ट्र विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी रही है। 2014 में भाजपा ने शिवसेना से अलग होकर चुनाव लड़ा और 122 सीटें जीतीं। इसके बाद शिवसेना फिर से भाजपा के साथ आ गई और दोनों ने मिलकर राज्य में सरकार बनाई। हालांकि, 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद शिवसेना ने सत्ता में बराबर की हिस्सेदारी और मुख्यमंत्री पद की अदला-बदली की मांग की, जिसके बाद दोनों पार्टियों के रास्ते अलग हो गए। उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और एनसीपी (शरद पवार गुट) के साथ मिलकर महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार बनाई। हालांकि, 2022 में शिवसेना के वरिष्ठ नेता एकनाथ शिंदे ने 40 विधायकों के साथ बगावत कर दी और एमवीए सरकार गिर गई। शिंदे ने भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाई। इसके बाद, एनसीपी नेता अजित पवार ने भी पार्टी में विभाजन कर भाजपा-शिंदे गठबंधन में शामिल हो गए। अब, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है, जहां वह अपने पिछले प्रदर्शन से बेहतर करना चाहेगी और राज्य की सत्ता में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखना चाहेगी।

# कांग्रेस के लिए आसान नहीं महाराष्ट्र-झारखंड का रण

महाराष्ट्र व झारखंड में चुनावों को ऐलान हो चुका है, इसके अलावा कई राज्यों में असेंबली व लोकसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। दरअसल, 14 राज्यों की की कुल 47 असेंबली व दो राज्यों की दो सीटों पर लोकसभा का चुनाव होना है। हरियाणा में कांग्रेस की करारी हार के बाद इंडिया गठबंधन, खासकर कांग्रेस पर बेहतर प्रदर्शन दबाव काफी बढ़ गया है। इंडिया गठबंधन के लिए ये चुनाव इसलिए अहम हैं, क्योंकि महाराष्ट्र में उसे महाविकास अघाड़ी के नेतृत्व में सरकार बनानी है, जबकि झारखंड में कांग्रेस-जेएमएम महागठबंधन को अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए संघर्ष करना है।

**हरियाणा में विपक्ष के हाथ लगी हार**

विपक्षी गठबंधन के लिए यह चुनाव इसलिए भी अहम हैं कि जिस तरह से लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बीजेपी को अपने बूते पूर्ण बहुमत पाने से रोक दिया था, कुछ वैसा ही प्रदर्शन विपक्ष गत हरियाणा व झारखंड के चुनावों में मानकर चल रही थी। लेकिन हरियाणा की हार ने जनता के बीच विपक्ष द्वारा बनाए गए माहौल और मोदी नीत केंद्र सरकार के खिलाफ बने टैंपो को तोड़ दिया। हरियाणा की हार सिर्फ कांग्रेस के लिए ही नहीं विपक्ष के लिए भी झटके की तरह नजर आई। दरअसल, हरियाणा के नतीजे को लेकर कहा गया कि यह नतीजे बीजेपी की जीत से ज्यादा कांग्रेस की अपनी वजह से हुई हार को ज्यादा दिखाते हैं। वहीं चुनावों के ऐलान के बाद महाराष्ट्र के विपक्षी दलों ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा 35 दिनों में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया को पूरा करना आमतौर पर चुनाव के लिए मिलने वाले समय से कम है और जबकि सरकार को योजनाओं की घोषणा करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया। विपक्षी दलों ने यह भी रेखांकित किया कि देश में उत्तर प्रदेश के बाद 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा सबसे बड़ी है और इसके बावजूद 20 नवंबर को एक चरण में चुनाव कराया जा रहा है जबकि इसी साल हुआ लोकसभा चुनाव राज्य में पांच चरणों में कराया गया था।

**महाराष्ट्र में किसका पलड़ा भारी?**

महाराष्ट्र का चुनाव इंडिया गठबंधन यानी महाविकास अघाड़ी के लिए बड़ा अहम हैं। दरअसल, जिस तरह से उद्धव ठाकरे नीत अघाड़ी सरकार गिरी थी, उसे देखते हुए आरोप लगाया गया था कि बीजेपी ने शिवसेना में टूट कराकर वहां सरकार बना ली। अपनी पार्टी में टूट के बाद उद्धव ठाकरे ने इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद बीजेपी ने एकनाथ शिंदे की अगुवाई में वहां महायुति की सरकार बना ली। शिवसेना के बाद शरद पवार की एनसीपी में भी टूट देखी गई। अघाड़ी इसे मोदी सरकार नीत केंद्र सरकार द्वारा गैर बीजेपी सरकार को अस्थिर करने की कोशिश के तौर देखती रही है। इस चुनाव के जरिए विपक्षी गठबंधन अपनी उस हार और सरकार गिराने का बदला लेना चाहेगा, जिसे वह विश्वासघात के तौर पर देखती आई है। महाविकास अघाड़ी को उम्मीद है कि महाराष्ट्र में लोकसभा में जिस तरह से इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन रहा था, कुछ वैसा ही परफॉर्मेंस वह असेंबली चुनावों में करेगी। इस साल के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन



को राज्य की कुल 48 लोकसभा सीटों में से 30 सीटें मिली थीं, जबकि एनडीए को 17 व एक सीट निर्दलीय को गई, जो मूल रूप से कांग्रेस का बागी उम्मीदवार था। 2019 के असेंबली चुनावों में 288 असेंबली सीटों में से बीजेपी को 105, शिवसेना को 56, कांग्रेस को 44 व एनसीपी को 54 सीटें मिली थीं। वहां शिवसेना व बीजेपी में चुनाव बाद समझौता न होने के चलते सरकार नहीं बनी, तब एनसीपी व कांग्रेस ने शिवसेना को समर्थन देकर साथ में सरकार बनाई। उस समय एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार ने अहम भूमिका निभाते हुए कांग्रेस व शिवसेना को साथ लाने का काम किया। तमाम विरोधाभास के बाद महाविकास अघाड़ी के तीनों अहम घटक अभी भी साथ हैं। देखना होगा कि अघाड़ी लोकसभा का प्रदर्शन यहां दोहरा पाती हैं या नहीं।

**झारखंड में भी पार्टियां लगा रही जोर**

झारखंड में इंडिया गठबंधन हर हालत में अपनी सरकार बचाने के लिए जोर लगा रहा है। दरअसल, हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती पांच साल की एंटी इनकंबेंसी की है। सोरेन सरकार में कथित भ्रष्टाचार व आदिवासी बहुल इलाकों में तेजी से बदलती आबादी की तस्वीर व धर्मांतरण को लेकर बीजेपी लगातार सोरेन सरकार व जेएमएम पर हमलावर है। यहां तक कि खुद सीएम हेमंत सोरेन जमीन घोटाले से जुड़े मामले में जेल हो कर आए हैं। ऐसे में बीजेपी इन्हें बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है। वहीं दूसरी ओर सोरेन व जेएमएम लोगों के बीच जाकर अपनी सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाते हुए बीजेपी पर पलटवार कर रहे हैं। झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी, व लेफ्ट सीपीएमएल के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। पिछले चुनाव में यहां जेएमएम-कांग्रेस-आरजेडी गठबंधन को 81 में से 47 सीटें मिली थीं, जबकि बीजेपी को महज 25 सीटों पर संतोष करना पड़ा था। यहां तक कि तब बीजेपी नेता व तत्कालीन सीएम रघुवर दास तक चुनाव हार गए थे।

**उपचुनावों भी हैं अहम**

इन दोनों राज्यों के साथ-साथ असेंबली व लोकसभा के चुनाव भी विपक्ष के लिए अहम हैं। केरल की वायनाड सीट कांग्रेस के खाते की है, यहां से राहुल गांधी चुनाव जीते थे, लेकिन वायनाड के साथ ही रायबरेली से जीत के बाद उन्होंने वायनाड की सीट खाली कर दी। अब उनकी जगह उनकी बहन प्रियंका यहां से चुनाव लड़ेंगी। जबकि नादेंड की सीट कांग्रेस के वसंतराव चव्हाण के निधन के चलते खाली हुई। इस तरह से कांग्रेस के लिए इन दोनों सीटों पर जीतना बहुत जरूरी है, ताकि वह लोकसभा में अपने नंबरों को बनाए रख सके। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस अपने दम पर सदन में अभी तक 100 का आंकड़ा नहीं छू पाई है। दूसरी ओर यूपी के साथ-साथ, राजस्थान, वेस्ट बंगाल के उपचुनाव भी अहम हैं, यहां हालिया लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन बेहतर रहा था। यूपी की कुल दस में से पांच सीटें एसपी के खाते की हैं। यूपी उपचुनाव के मद्देनजर एसपी ने छह सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया। एसपी ने कहा कि उपचुनाव में वह कांग्रेस के साथ जाएगी। ऐसे में माना जा रहा है कि वह बची हुई सीटों में से दो से तीन सीटें कांग्रेस को दे सकती है। वहीं पं बंगाल में टीएमसी का प्रदर्शन लोकसभा में अच्छा रहा था, देखना होगा ममता बनर्जी लोकसभा के प्रदर्शन को दोहरा पाती हैं या नहीं?

**कांग्रेस में दिखी सक्रियता**

मंगलवार को चुनावों के ऐलान के साथ कांग्रेस में जबरदस्त सक्रियता दिखाई दी। जहां मंगलवार को कांग्रेस महाराष्ट्र व झारखंड में सीनियर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की तो वहीं बुधवार को दिल्ली में महाराष्ट्र को लेकर पहली स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक बुलाई गई है।

कांग्रेस ने महाराष्ट्र को पांच जोन में बांट कर सीनियर नेताओं को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा है। इनमें पूर्व सीएम अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, चरणजीत सिंह चन्नी, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव, जी परेश्वरा, सचिन पायलट, एम बी पाटिल, उत्तम कुमार रेड्डी जैसे नेताओं को अलग-अलग जोन में झसरखं लगाया गया है। जबकि झारखंड में तारिक अनवर, अधीर रंजन चौधरी व भट्टी विक्रमार्क मल्लू को सीनियर पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया है।

जीवन मंत्र

# भटके हुए को प्रेम दें : ओशो

अपने सभी मित्रों को भोज के लिए आमंत्रित किया कि मेरा बेटा वापस घर आ रहा है। बड़ा बेटा खेत में काम कर रहा था। जब वह घर आ रहा था, तो रास्ते में कुछ लोगों ने उससे कहा, 'देखो, तुम इतने वर्षों से अपने पिता की सेवा कर रहे हो।

एक आदमी के दो बेटे थे, दोनों एक-दूसरे से ठीक विपरीत थे। पिता ने अपनी संपत्ति दोनों में बराबर बांट दी। बड़ा बेटा तो पिता के साथ ही रहा, मगर छोटा बंटवारे में जो धन मिला, उसे लेकर कहीं चला गया। बुरी संगत में वह जुआ खेलने लगा, वेश्यावृत्ति करने लगा और कुछ ही समय में पूरी तरह से दिवालिया हो गया। एक दिन वह भीख मांग रहा था, तो मन में विचार आया कि यदि वह पिता के पास लौट जाए, तो वह उसे अवश्य माफ कर देंगे। आखिर उनका हृदय पिता का हृदय है। वह मुझे स्वीकार कर लेंगे। छोटे बेटे ने अपने लौटने की सूचना भिजवाई। पिता तक खबर पहुंची, तो उन्होंने गांव में बहुत बड़ी दावत दी। अपने सभी मित्रों को भोज के लिए आमंत्रित किया कि मेरा बेटा वापस घर आ रहा है। बड़ा बेटा खेत में काम कर रहा था। जब वह घर आ रहा था, तो रास्ते में कुछ लोगों ने उससे कहा, 'देखो, तुम इतने वर्षों से अपने पिता की सेवा कर रहे हो। पूरी तरह आज्ञाकारी भी रहे, लेकिन उन्होंने कभी तुम्हारे लिए कोई दावत नहीं दी और अब जब तुम्हारा छोटा भाई आ रहा है, जो नालायक और विद्रोही है, तो उसके लिए वह दावत दे रहे हैं।



यह तो सरासर अन्याय है।'

जाहिर है, बडे.बेटे को बहुत गुस्सा आया। वह लगभग भागते हुए घर आया और पिता से पूछा, 'यह सब क्या है? और किसके लिए पिताजी? मैं आपका आज्ञाकारी सेवक रहा, लेकिन आपने कभी मेरे लिए कोई उत्सव नहीं मनाया और अब आपका छोटा बेटा आ रहा है, जिसने आपके पूरे जीवन भर की कमाई को नष्ट कर दिया, तो आप दावत दे रहे हैं? मुझे तो अपनी आंखों पर भरोसा नहीं हो रहा! ऐसा लगता है कि आप बस अपने छोटे बेटे से ही प्रेम करते हैं।'

तब पिता ने कहा, 'प्रेम किसी तरह का भेदभाव नहीं करता, किसने कमाया और नहीं कमाया। प्रेम उस पर तो उमड़ता ही है, जो समीप है, वह उसे भी समीप लाना चाहता है, जो दूर चला गया। तुम पूरी तरह से सही और पहले से ही मेरे साथ हो; इसमें कुछ भी उत्सव मनाने जैसा नहीं है, मेरे आशीर्वाद हर समय तुम्हारे साथ हैं। लेकिन जो भटक गया है, उसका विशेष स्वागत जरूरी है, तभी उसे प्रेम का आश्वासन अनुभव होगा।'

जीसस ने इसे यूं समझाया, एक शाम भेड़ें अपने मालिक के साथ घर लौट रही हैं, अचानक मालिक को पता चलता है कि एक भेड़ कहीं पीछे रह गई है। वह अपनी सैकड़ों भेड़ों को अकेला छोड़ उस एक को ढूंढने चला जाता है, जो कहीं खो गई है। जब वह उसे ढूंढ़ लेता है, तो उसे कंधे पर उठाकर वापस लाता है। जीसस कहा करते थे कि प्रेम में कोई मांग नहीं होती। वह पात्र और कुपात्र मेंभेद नहीं जानता।

शख्सियत | नवीन पटनायक

# ओडिशा के दूरदर्शी नेता



नवीन पटनायक, जिनका जन्म 16 अक्टूबर, 1946 को ओडिशा के कटक में हुआ था, एक प्रमुख भारतीय राजनीतिज्ञ और ओडिशा के मुख्यमंत्री हैं। वे एक राजनीतिक रूप से प्रभावशाली परिवार से आते हैं; उनके पिता, बीजू पटनायक, एक दिग्गज नेता और ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री थे। नवीन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ओडिशा में पूरी की और बाद में दिल्ली विश्वविद्यालय से कला में डिग्री हासिल की। उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिष्ठित बोस्टन विश्वविद्यालय में भी अध्ययन किया।

भारत लौटने के बाद नवीन ने शुरुआत में व्यवसाय की दुनिया में कदम रखा, लेकिन उनका राजनीतिक जीवन 1990 के दशक की शुरुआत में शुरू हुआ। 1997 में, अपने पिता की मृत्यु के बाद, उन्होंने राजनीति के क्षेत्र में प्रवेश किया और अपने पिता द्वारा स्थापित एक क्षेत्रीय पार्टी, बीजू जनता दल (BJD) का नेतृत्व संभाला। विकास और सुशासन पर ध्यान केंद्रित करने वाली उनकी नेतृत्व शैली ने उन्हें ओडिशा के लोगों के बीच जल्दी ही लोकप्रियता दिलाई।

नवीन पटनायक पहली बार मार्च 2000 में ओडिशा के मुख्यमंत्री बने थे और तब से वे कई बार फिर से चुने गए हैं, जिससे वे राज्य में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्रियों में से एक बन गए हैं। उनका प्रशासन महत्वपूर्ण सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों को लागू करने, बुनियादी ढांचे में सुधार करने और आपदा प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए जाना जाता है, खासकर चक्रवात और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान। शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण में उनकी सरकार की पहल ने राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है।अपनी सफलता के बावजूद, नवीन अपने संयमित व्यवहार के लिए जाने जाते हैं और लाइमलाइट से दूर रहते हैं, अक्सर अपने काम को खुद बोलने देते हैं। वे शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर देते हैं, जिसने ओडिशा में उनकी पार्टी के गढ़ में योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में, बीजद राज्य में एक प्रमुख राजनीतिक ताकत के रूप में उभरी है, जो अक्सर पर्याप्त बहुमत के साथ चुनाव जीतती है। नवीन पटनायक भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बने हुए हैं, जिनकी विरासत प्रगतिशील शासन और विकास में निहित है।

जीवन ऊर्जा

हेमा मालिनीः जन्म 16 अक्टूबर 1948 | जन्म

16 अक्टूबर 1948 को जन्मी हेमा मालिनी एक प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री, नर्तकी और राजनीतिज्ञ हैं। उन्होंने 1970 और 1980 के दशक में क्लासिक बॉलीवुड फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए प्रसिद्धि प्राप्त की। हेमा मालिनी को भारतीय सिनेमा और नृत्य में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार, पद्म श्री और IIFA लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार सहित कई पुरस्कार मिले हैं।

# प्रेम दुनिया की सबसे शक्तिशाली शक्ति है

मेरा मानना है कि सभी के साथ सम्मान और दयालुता से पेश आना चाहिए। सफलता इस बात से नहीं मापी जाती कि आप कितना कमाते हैं, बल्कि इस बात से मापी जाती है कि आप कितना देते हैं। नृत्य सिर्फ़ शारीरिक अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक जुड़ाव है। प्रेम दुनिया की सबसे शक्तिशाली शक्ति है। कड़ी मेहनत करें, समर्पित रहें, और सफलता आपके पीछे-पीछे आएगी। कहीं भी और कभी भी अपने दिमाग को सशक्त बनाएँ। परिवार ही सब कुछ है; वे आपका सपोर्ट सिस्टम हैं। सुंदरता सिर्फ़ बाहरी दिखावे के बारे में नहीं है, बल्कि भीतर से दयालुता और अच्छाई को विकीर्ण करना है। उम्र सिर्फ़ एक संख्या है; आपकी भावना ही मायने रखती है। सफलता दूसरों से प्रतिस्पर्धा करने के बारे में नहीं है, बल्कि



खुद का सबसे अच्छा संस्करण बनने के बारे में है। बड़े सपने देखें और अपने सपनों को पूरा करने का साहस रखें। सफलता का मार्ग कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से बना है। असफलता अंत नहीं है; यह सीखने और बढ़ने का अवसर है। विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक बने रहें। शिक्षा सशक्तिकरण की कुंजी है। कृतज्ञता वह दृष्टिकोण है जो एक पूर्ण जीवन की ओर ले जाता है। शक्तिशाली विचार सिर्फ़ आपकी जेब में हैं। कभी भी एक दयालु शब्द या हाव-भाव की शक्ति को कम न आँकें। बदलाव को अपनाना सीखें; यह जीवन में एकमात्र स्थिर है। अपनी सफलता में विनम्र रहें और अपनी जड़ों को कभी न भूलें। वर्तमान क्षण का आनंद लें; यह सब हमारे पास है। क्षमा मुक्तिदायक है; शिकायतों को त्यागें और शांति पाएं। समाज को यह परिभाषित न करने दें कि आप कौन हैं; खुद के प्रति सच्चे रहें। अपने भीतर खुशी खोजें; यह बाहरी मान्यता में नहीं मिल सकती।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# राम नाम की माला जपना शुरू करें

(भाग 1)

मन में हो राम नाम साधु सेवा हाथ में
तू अकेला नहीं प्यारे राम तेरे साथ में
विधि का विधान जान हानि लाभ सहिए
जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिए

**राम नाम की महिमा**

अरे जब सेठ जी का कोढ़ दूर हो गया तो लोगों के दुःख दूर होना कौन बड़ी बात है।

जरा आत्मा से एक बार बस पुकारने की देरी है। भीतर से एक बार नाम बोलने की देरी है। ये सत्य घटना है धर्म काल यानी कबीर, तुलसीदास, सूरदास, मीराबाई के समय की। बनारस के पास किसी गांव में रहने वाले अति धनाढ्य एक सेठ को कोढ़ की बीमारी हो गई। उस समय में कोढ़ की बीमारी यानी आज के कैंसर से भी बुरी कोढ़ी को गांव से दूर रहना किसी से छूना नही, साथ भोजन नहीं करना और मरने से बदतर अपमानित जीवन जीना यही नियम थे उस समय अब भैया ये सेठ जी तो पैसे वाले थेतो इन्होंने सोचा की गांव वाले अपमान से बाहर निकाल दे इससे तो स्वयं ही गंगा किनारे एकान्त में सन्यास लेकर किसी



आश्रम में बचा हुआ जीवन जी लेंगे रास्ते भर दान देते धन लुटाते बड़े गाजे बाजे के साथ हाथी घोड़े और पालकी में स्वयं विराजमान होकर वो सेठ जी सन्यास लेने के लिए गंगा किनारे पहुंचे।

कबीरदास जी के सुपुत्र कमाल उस समय गंगा तट पर ध्यान कर रहे थे। उन्होंने जब ये शोर सुना और कारण जाना तो वे सेठ जी के पास आए और बोले-

क्यों महाराज आपका ये कोढ़ का रोग मैं दूर कर दूं तो बाबा जी मैं अपनी आधी सम्पत्ति आपके नाम कर दूंगा।

सेठ जी आशा की किरण आंखों में लिए बोले-नही मुझे आपकी सम्पत्ति नहीं आपका विश्वास चाहिए बोलिए देंगे।

कमाल के ऐसा पूछने पर सेठ जी ने प्रति उत्तर दिया। हां हां बाबा जी क्यों नही विश्वास ही विश्वास है मुझ में ठीक है फिर एक गहरी सांस लेकर आकाश की ओर देखते हुए कुछ विचारते विचारते कमाल ने कहा-

आपको तीन बार राम नाम लेना है और गंगा जी में डुबकी लगानी है। तीसरी बार डुबकी लगाते ही आपका कोढ़ दूर हो जाएगा। सेठ जी तो तुरंत तैयार गंगा जी में उतरे और उनके साथ-साथ कमाल भी उतरे और सेठ जी ने जल्दी जल्दी राम बोलकर एक डुबकी लगा दी। कुछ भी नही हुआ। कोढ़ वैसा का वैसा ही रहा। कोई बात नही महाराज! अभी तो दो डुबकी बची है। राम का नाम लेकर लगा दो डुबकी।

(क्रमशः)



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

# एक साधे सब सधे

एक साधे सब सधे, सब साधे सब जाए़़ यह कहावत काफी प्राचीन है लेकिन आज भी महत्वपूर्ण है। इसका मतलब यह है कि हमें एक समय पर एक ही काम पर फोकस करना चाहिए। यदि आप खेल रहे हैं तो सिफ खेलने में ध्यान रखें और जब पढ़ रहें हों तो दिमाग सिर्फ अपना विषय होना चाहिए। सफलता के प्रमुख सूत्रों में इस आप मान सकते हैं। जीवन में सफलता की चाह रखने वाले ज्यादातर लोग सफल हो चुके लोगों को देखते हैं और फिर उनकी तरह बनने की कोशिश करते हैं। ऐसा करने को गलत तो नहीं कहा जा सकता है, लेकिन यह बात जरूर है कि आप जिस सफल व्यक्ति के समान बनना चाहते हैं वैसा होना बिल्कुल संभव नहीं है। क्योंकि कोई भी सफल व्यक्ति किसी एक काम से या एकदम से सफलता नहीं हासिल की होती है। साथ ही हर किसी की कार्य क्षमता, शैली और परिस्थिति एक समान नहीं होती ऐसे में किसी को देखकर उसके जैसा नहीं बना जा सकता। हां कुछ बातें जरूर हैं जिन्हें ध्यान रखकर आगे बढ़ा सकता है- एक कहावत काफी प्रचलित है कि दो नावों में पैर नहीं रखते क्योंकि इससे किनारे पाना संभव नहीं होता। अर्थात एक समय में एक ही काम करें। इससे आपका काम जल्दी और ज्यादा संपूर्णता के साथ संपन्न होगा। किसी बड़े लक्ष्य को पाने के लिए आपको क्या करना जरूरी है और इसे आप कितने में दिन में कर पाएंगे इन सब जीचों की एक लिस्ट बनाइए। अब लिस्ट की प्राथमिका के अनुसार एक-एक काम को निपटाएं और फिर आगे बढ़ते जाएं। सफलता के लिए कई तरह के छोटे-छोटे काम करने होते हैं। यानी कहें तो घाट-घाट का पानी पीने के बाद ही सफलता का मुकाम हासिल होता है। लेकिन यह तय नहीं है जिन छोटे कामों को किसी और ने किया है तो आपको भी वही काम करने पड़े। पर यह जरूरी है कि आप जो भी काम जैसे पढ़ाई, तैयारी आदि कर रहे हैं उसके लिए छोटे -छोटे लक्ष्य निर्धारित करें और एक एक कदम आगे बढ़ें।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# करवा चौथ के बाद थकान और कमजोरी से बचने के जरूरी टिप्स

करवा चौथ भारतीय परंपराओं का एक अनोखा त्योहार है, जो इस साल 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन महिलाएं सूर्योदय से चंद्रमा के दर्शन तक निर्जला व्रत रखती हैं, अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करती हैं। व्रत के साथ सरगी की मिठास, शाम की पूजा की तैयारी, सजी-धजी थालियां और चांद के दीदार का उत्साह त्योहार की रौनक बढ़ा देते हैं। हालांकि, दिनभर के उपवास के बाद शरीर को सही पोषण और आराम देना बेहद जरूरी होता है। सही आहार और सेहतमंद आदतें इस त्योहार को और भी यादगार बना सकती हैं!



**यहां कुछ व्रत के बाद के स्वास्थ्य सुझाव दिए गए हैं जो आपको फिट और तंदुरुस्त बनाए रखेंगे:**



### व्रत खोलने के बाद क्या खाएं?

**हल्के और सुपाच्य भोजन से शुरुआत करें:** फलों का सेवन: पपीता, अनार, सेब जैसे फल खाएं, जो पाचन को सही रखते हैं।
**सूखे मेवे:** 2-3 बादाम या किशमिश खाने से तुरंत ऊर्जा मिलेगी।
**सूप और सादे खिचड़ी:** पाचन को आराम देने के लिए ये बेहतरीन विकल्प हैं।
**दही या छाछ पिएं:** पेट को ठंडक और आराम देने के लिए यह उपयोगी होता है।
हाइड्रेशन का विशेष ध्यान रखें

**पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स:** पूरे दिन निर्जला व्रत के बाद पानी और नारियल पानी जरूर पिएं।
**नींबू पानी या ग्रीन टी:** शरीर को डिटॉक्स करने के लिए हल्का पेय लें।
**कैफीन से बचें:** चाय या कॉफी से एसिडिटी हो सकती है, इसलिए पहले कुछ हल्का खाएं।

### धीरे-धीरे भोजन करें

**छोटे हिस्सों में खाएं:** व्रत के बाद तुरंत भारी भोजन करने से पाचन पर असर पड़ सकता है।
**तेल और मसालेदार खाने से बचें:** पेट को भारी भोजन से परेशान न करें।
पाचन सुधारने के लिए योग और स्ट्रेचिंगव्रत के बाद हल्की स्ट्रेचिंग या योग करने से शरीर को आराम मिलता है और पाचन में मदद मिलती है।
**प्राणायाम:** गहरी सांस लेने से शरीर को ऑक्सीजन मिलती है और थकान कम होती है।


### थकान से बचने के उपाय

**गर्म पानी से स्नान:** मांसपेशियों को आराम देने और तनाव दूर करने में मदद करता है।
**अच्छी नींद:** त्योहार के उत्साह के बाद शरीर को आराम देने के लिए 7-8 घंटे की नींद जरूर लें।
पाचन और ऊर्जा के लिए आयुर्वेदिक उपाय
**अजवाइन और जीरा पानी:** व्रत के बाद पेट में गैस या सूजन की समस्या होने पर यह उपयोगी है।
**गुनगुने पानी में शहद:** यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देने में मदद करता है और थकावट कम करता है।

### अगर स्वास्थ्य समस्याएं महसूस हों

**कमजोरी या चक्कर:** तुरंत मीठा खाएं या ग्लूकोज पानी पिएं।
**एसिडिटी की समस्या:** एक गिलास ठंडा दूध पिएं या एक केला खाएं।

# महाराष्ट्र के किले: भव्य अतीत की विरासत का अन्वेषण करें



क्या आप महाराष्ट्र की भव्य वास्तुकला और किलों की अविश्वसनीय सुंदरता को देखने के लिए तैयार हैं? इतिहास और संस्कृति में समृद्ध महाराष्ट्र राज्य में 350 से अधिक किले हैं, जिनमें से प्रत्येक की अपनी अनूठी कहानी है। छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके मराठा साम्राज्य द्वारा निर्मित ये अद्वितीय वास्तुशिल्प चमत्कार राज्य के गौरवशाली अतीत का प्रतीक हैं। चाहे आप इतिहास प्रेमी हों, रोमांच के शौकीन हों, या महाराष्ट्र की धरोहर की एक झलक पाना चाहते हों, ये प्रतिष्ठित किले अवश्य देखने लायक स्थान हैं।

## भविष्य में अतीत का अनुभव करें

### ◆ सिंधुदुर्ग किला:

छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा 17वीं शताब्दी में निर्मित यह किला मराठा वीरता का प्रतीक है। यहां शिवाजी महाराज को समर्पित एकमात्र मंदिर का दर्शन करें और मराठा साम्राज्य के नौसैनिक अड्डे के रहस्यों को जानें।

### ◆ मुरुद जंजीरा:

मुंबई से 165 किमी दक्षिण में स्थित, यह दुर्जेय समुद्री किला अपने 19 गोलाकार बुर्जों, तोपों, और तीन विशाल तोपों - कलालबंगड़ी, चावरी, और लांडा कसाम के लिए प्रसिद्ध है।

### ◆ विजयदुर्ग किला:

'पूर्वी जिब्राल्टर' के नाम से प्रसिद्ध, यह अभेद्य किला छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा व्यक्तिगत रूप से जीता गया था, जो इसे मराठा इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाता है।

## शांति और प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करें

### ◆ शिवनेरी किला:

छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्मस्थान, यह किला अपने तीर के आकार और अद्भुत दृश्यों के कारण फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए एक आदर्श स्थान है।

### ◆ सिंहगढ़ किला:

'सिंह का किला' के नाम से जाना जाने वाला यह भव्य किला समुद्र तल से 1316 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जो आसपास के मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करता है।

### ◆ प्रतापगढ़ किला:

1656-58 ईस्वी में निर्मित, यह पहाड़ी किला अपनी दोहरी किलेबंदी और दीवारों की भिन्न ऊंचाई के कारण एक इंजीनियरिंग चमत्कार है।
अगर आप रोमांच प्रेमी हैं, तो यह आपके लिए है!

### ◆ लोहगढ़ किला:


महाराष्ट्र के सबसे पुराने किलों में से एक, लोहगढ़ करला और भाजा गुफाओं के अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता है, जो खासकर मानसून के मौसम में ट्रेकिंग प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र होता है।

तो आप किसका इंतजार कर रहे हैं? अपना बैग पैक करें, अपने ट्रेकिंग जूते पहनें, और महाराष्ट्र के इन भव्य किलों का अन्वेषण करें, जहां इतिहास जीवंत होता है और रोमांच हर कदम पर आपका इंतजार करता है!

# हाई ब्लड प्रेशर के मरीज़ों के लिए खतरनाक एक्सरसाइज़

उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) के मरीजों को स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम करना बेहद ज़रूरी होता है, लेकिन हर प्रकार की एक्सरसाइज़ उनके लिए उपयुक्त नहीं होती। कुछ ऐसी एक्सरसाइज़ भी होती हैं जो हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए हानिकारक हो सकती हैं। सही व्यायाम का चयन और डॉक्टर से परामर्श लेने से रक्तचाप को नियंत्रण में रखा जा सकता है। आइए जानते हैं किन व्यायामों से हाई ब्लड प्रेशर के मरीज़ों को बचना चाहिए:



### वजन उठाने वाली एक्सरसाइज़

वजन उठाने की एक्सरसाइज़ जैसे डेडलिफ्ट, बेंच प्रेस और स्क्वाट्स से हाई ब्लड प्रेशर के मरीज़ों को बचना चाहिए। इस प्रकार के व्यायाम से शरीर पर अचानक ज़्यादा दबाव आता है, जिससे ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ सकता है। जब मरीज़ भारी वजन उठाते हैं, तो यह रक्त वाहिकाओं पर अधिक दबाव डालता है और इससे दिल पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ता है। खासकर अगर आपको पहले से ही हाइपरटेंशन की समस्या है, तो यह स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### जोरदार एरोबिक एक्सरसाइज़

हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट जैसे रनिंग, स्प्रिंटिंग, और तेज़ गति से साइकलिंग करना भी रक्तचाप बढ़ा सकता है। ऐसे व्यायाम से दिल की धड़कन बढ़ जाती है और रक्तचाप भी ऊपर जाता है। हाई ब्लड प्रेशर के मरीज़ों के लिए धीमी गति से चलने या हल्की साइकलिंग जैसी कम-इंटेंसिटी वाली एरोबिक एक्सरसाइज़ अधिक फायदेमंद होती है।

### इंटरवल ट्रेनिंग

HIIT एक्सरसाइज़ में शरीर को अल्प समय के लिए अत्यधिक शारीरिक दबाव में डाला जाता है, फिर विश्राम किया जाता है, और फिर से उच्च दबाव वाली एक्सरसाइज़ की जाती है। यह प्रक्रिया उच्च रक्तचाप के मरीज़ों के लिए जोखिम भरी हो सकती है। इससे शरीर पर अचानक तनाव आता है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ने का खतरा होता है।

### इसोमेट्रिक एक्सरसाइज़

इसोमेट्रिक एक्सरसाइज़ में शरीर के किसी अंग को बिना हिलाए ताकत लगानी पड़ती है, जैसे प्लैंक या वॉल सिट्स। इन व्यायामों से रक्तचाप बढ़ सकता है, क्योंकि इनमें मांसपेशियों को लंबे समय तक तनाव में रखा जाता है। यह तनाव रक्त वाहिकाओं पर अधिक दबाव डालता है और ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकता है। इसलिए, इस प्रकार के व्यायामों से बचना चाहिए।

### उच्च तीव्रता वाले खेल

प्रतिस्पर्धात्मक खेलों में अत्यधिक शारीरिक और मानसिक दबाव होता है, जिससे रक्तचाप बढ़ने की संभावना होती है। जैसे कि फुटबॉल, बास्केटबॉल, टेनिस जैसे खेलों में खेलते समय हृदय पर दबाव बढ़ता है, जिससे ब्लड प्रेशर अनियंत्रित हो सकता है। ऐसे खेल उच्च रक्तचाप के मरीज़ों के लिए सही नहीं माने जाते हैं, क्योंकि यह हृदय और रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुँचा सकते हैं।

### योग के कुछ आसन

हालांकि योग हाई ब्लड प्रेशर के मरीज़ों के लिए फायदेमंद हो सकता है, लेकिन कुछ ऐसे आसन हैं जो उन्हें नहीं करने चाहिए। जैसे शीर्षासन (हैंडस्टैंड) और सर्वांगासन (शोल्डर स्टैंड) में शरीर को उल्टा करना पड़ता है, जिससे सिर की ओर रक्त का प्रवाह अधिक हो जाता है और इससे रक्तचाप बढ़ सकता है। इसलिए ऐसे आसनों से बचना चाहिए।

### स्कूबा डाइविंग और माउंटेन क्लाइंबिंग

स्कूबा डाइविंग और माउंटेन क्लाइंबिंग जैसे एडवेंचर स्पोर्ट्स हाई ब्लड प्रेशर के मरीज़ों के लिए ख़तरनाक हो सकते हैं। ये गतिविधियां शारीरिक तनाव के साथ-साथ मानसिक दबाव भी बढ़ाती हैं, जिससे ब्लड प्रेशर अचानक बढ़ सकता है।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे।

**वृष:** हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद हो सकता है। किसी व्यक्ति की नाराजी से मन खराब होगा। मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मनोरंजन होगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है।

**मिथुन:** व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**कर्क:** योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी।

**सिंह:** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा।

**कन्या:** किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यापार ठीक चलेगा। समय सुखमय व्यतीत होगा।

**तुला:** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें।

**वृश्चिक:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा। आय होगी। व्यापार ठीक चलेगा।

**धनु:** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। कुसंगति से दूर रहें।


**मकर:** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ:** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा। समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है।


**मीन:** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय की अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी से कोई भी कार्य न करें।

# वैदिक ज्योतिष में वक्री ग्रह

भाग 1



वक्री ग्रहों के बारे में बहुत सी बाते कही जाती हैं लेकिन फिर भी इनके विषय में अभी तक भी बहुत सी बाते छिपी हुई सी ही हैं। गोचर में जब सूर्य से छठे, सातवें व आठवें भाव में ग्रह विचरण करता है तब वह उसकी वक्र गति कहलाती है। वक्र अर्थात उलटा, लेकिन ग्रह उलटा चलता प्रतीत होता है लेकिन होता नहीं है। बुध व शुक्र की वक्र अवस्था उनके अंशों पर निर्भर करती हैं
बुध जब सूर्य से 20 अंशों की दूरी बनाता है तब वक्री होना आरंभ हो जाता है, इसी तरह से शुक्र जब सूर्य से 29 अंशों की दूरी पर जाता है तब वक्री होना आरंभ हो जाता है। कई बार बड़े ग्रह जब पांचवें व नौंवे भाव में होते हैं तब भी वक्री हो जाते हैं। इस प्रकार मोटे तौर पर कह सकते हैं कि सूर्य से पांचवें भाव से नौंवे भाव तक ग्रह वक्री अवस्था में विचरण करते हैं।
वक्री ग्रहों के बारे में सभी विद्वानों का अपना-अपना मत हैं और ज्योतिषीय ग्रंथों में भी वक्री ग्रहों के बारे में भिन्न मत हैं। । वक्री ग्रह के विषय में ज्योतिषीय ग्रंथों में क्या लिखा है, आइए जानने का प्रयास करें।
सारावली के अनुसार वक्री ग्रह सुख प्रदान करने वाले होते हैं लेकिन यदि जन्म कुंडली में वक्री ग्रह शत्रु राशि में है या बलहीन अवस्था में हैं तब वह व्यक्ति को बिना कारण भ्रमण देने वाले होते हैं। यह व्यक्ति के लिए अरिष्टकारी भी सिद्ध होते हैं।
संकेतनिदि के अनुसार मंगल जब वक्री होता है तब अपने स्थान से अष्टम भाव के प्रभाव को दिखाता है। गुरु वक्री होने पर अपने स्थान से पंचम भाव के फल, बुध अपने स्थान से चतुर्थ भाव का प्रभाव, शुक्र अपने स्थान से सप्तम भाव का प्रभाव और शनि अपने स्थान से दशम भाव के परिणाम देता है।
जातक पारिजात के अनुसार वक्री ग्रह के अलावा शत्रु भाव में किसी अन्य ग्रह का भ्रमण अपना एक तिहाई फल खो देता है।
उत्तर कालामृत के अनुसार जिस तरह से ग्रह अपने उच्च अथवा मूल त्रिकोण राशि में होता है ठीक वैसे ही ग्रह वक्री अवस्था में भी होता है।
फल दीपिका में मंत्रेश्वर जी का कथन है कि ग्रह की वक्र गति उस ग्रह विशेष के चेष्टाबल को बढ़ाने का काम करती है।
कृष्णमूर्ति पद्धति के अनुसार प्रश्न के समय संबंधित ग्रह का वक्री होना अथवा वक्री ग्रह के नक्षत्र में होना नकारात्मक माना जाता है। काम के ना होने की संभावनाएँ अधिक बनती हैं। यदि संबंधित ग्रह वक्री नहीं है लेकिन प्रश्न के समय वक्री ग्रह के नक्षत्र में स्थित है तब कार्य पूर्ण नहीं होगा जब तक कि ग्रह वक्री अवस्था में स्थित रहेगा।



प्रियंका जैन
9769994439

दो बजे दोपहर

मुंबई, बुधवार, 16 अक्टूबर 2024



सैफ चैंपियनशिप

## भारतीय महिला टीम कल पाकिस्तान से भिड़ेगी



एजेंसी । नई दिल्ली

सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। नेपाल में काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में 17 से 30 अक्तूबर तक खेली जाने वाली चैंपियनशिप के लिए सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच संतोष कश्यप ने टीम चुनी।

### सात टीमें लेंगी हिस्सा

इस फुटबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली छह टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत को ग्रुप ए में बांग्लादेश और पाकिस्तान के साथ रखा गया है। मेजबान नेपाल ग्रुप बी में श्रीलंका, मालदीव और भूटान के साथ है। गोवा में तीन सप्ताह तक चले शिविर के बाद भारतीय टीम मंगलवार को काठमांडू रवाना हुई। भारतीय टीम ग्रुप चरण में 17 अक्तूबर को पाकिस्तान से और फिर गत चैंपियन बांग्लादेश से खेलेगी। दोनों सेमीफाइनल 27 अक्तूबर को होंगे, वहीं फाइनल 30 अक्तूबर को खेला जाएगा।

# कहीं मौसम न बिगाड़ दे टीम इंडिया का खेल

## ■ न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला टेस्ट आज से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में

▶▶ मैच ड्रॉ होने पर भारत का डब्ल्यूटीसी फाइनल का इंतजार बढ़ जाएगा

**आमने-सामने**

| | |
|---|---|
| कुल मैच : | 62 |
| भारत जीता : | 22 |
| न्यूजीलैंड जीता : | 13 |
| ड्रॉ : | 27 |

**भारत में न्यूजीलैंड**

| | |
|---|---|
| कुल मैच : | 36 |
| भारत जीता : | 17 |
| न्यूजीलैंड : | 02 |
| ड्रॉ : | 17 |

एजेंसी । बेंगलुरु

बारिश एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहले टेस्ट में खलल डाल सकती है। मंगलवार को यहां भारी बारिश हुई। इससे भारतीय टीम का अभ्यास सत्र रद्द करना पड़ा। बुधवार से शुरू होने वाले मैच के शुरुआती दो दिन में 70 से 90 प्रतिशत बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने पांचों दिन बारिश की संभावना जताई है। ऐसे में अगर मैच ड्रॉ रहता है तो टीम इंडिया का विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह पक्की करने का इंतजार बढ़ जाएगा। तीनों मैच जीतने की सूरत में भारतीय टीम लगभग फाइनल में प्रवेश कर लेती। लेकिन एक मैच ड्रॉ रहने की स्थिति में उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर सीरीज तक इंतजार करना होगा। बांग्लादेश का सफाया करने के बाद रोहित एंड कंपनी के हौसले काफी बुलंद है। टीम 12 साल से घर में अपना अजेय अभियान जारी रखना चाहेगी। वहीं न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका से मिली हार के बाद नए कप्तान टॉम लैथम के मार्गदर्शन में विजय के साथ नई शुरुआत करने की कोशिश करेगी।



**नंबर गेम**

▶▶ 8 मैच जीते हैं टीम ने अब तक 11 में से और सिर्फ दो हारे और एक ड्रॉ रहा है

▶▶ 12 साल बाद दोनों टीमें बेंगलुरु में खेलेंगी। तीन मैच जो यहां खेले हैं सभी भारत ने जीते हैं

### कोहली को रचिन से बचना होगा

विराट और रोहित सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। रोहित ने इस साल 15 टेस्ट पारियों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया लेकिन बाकी 13 पारियों में 497 रन ही बना सके हैं। वहीं, कोहली ने इस साल छह पारियों में एक अर्धशतक भी नहीं लगाया है। उन्हें न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनरों एजाज पटेल और रचिन को संभलकर खेलना होगा जो पहले भी उन्हें परेशान कर चुके हैं।

### यशस्वी-गिल दिखा रहे दम

युवा भारतीय ओपनर यशस्वी और गिल शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। कोहली और रोहित करियर के आखिरी पड़ाव में हैं। गिल और यशस्वी पर उनकी विरासत को आगे ले जाने की बड़ी जिम्मेदारी है। गिल ने पिछली दस पारियों में तीन शतक और दो अर्धशतक जड़े हैं। वहीं यशस्वी ने आठ पारियों में एक दोहरा शतक और पांच अर्धशतक जमाए हैं। उनके लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ इस लय को कायम रखकर आगे की कठिन चुनौतियों का सामना करने के लिए आधार तैयार करना जरूरी है।

**टीमें**

- **भारत :** रोहित (कप्तान), बुमराह, यशस्वी, शुभमान, कोहली, राहुल, सरफराज, पंत, ध्रुव, अश्विन, जडेजा, अक्षर, कुलदीप, सिराज,आकाश दीप।
- **न्यूजीलैंड :** टॉम लैथम (कप्तान), कॉन्वे, चैपमैन, यंग, डेरिल, फिलिप्स, ब्रासवेल, सेंटनर, रचिन, ब्लंडेल, पटेल, डफी, हेनरी, साउदी, ओ राउरकी।

### यशस्वी को पेसरों के खिलाफ रिकॉर्ड सुधारना होगा

गिल ने तेज गेंदबाजों की इनकमिंग गेंदों के खिलाफ परेशानी से पार पा लिया है। लेकिन ऐसी गेंदों पर विकेट गंवाने से बचना होगा। चेन्नई में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज हसन ने उन्हें काफी परेशान किया और पवेलियन भी भेजा। वहीं यशस्वी भी तेज गेंदबाजों को आक्रामक शॉट खेलने के प्रयास में तीन बार आउट हुए हैं। वह अब तक 20 पारियों में 12 बार तेज गेंदबाजों को अपना विकेट दे बैठे हैं। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज से पहले उन्हें तेज गेंदबाजों के सामने अपना रिकॉर्ड दुरुस्त करना होगा।

### कीवी 36 साल से भारत में टेस्ट नहीं जीते

न्यूजीलैंड की 36 से भारतीय सरजमीं पर पहली जीत की तलाश है। कीवियों ने भारत में सिर्फ दो टेस्ट जीत हैं। उसे पिछली जीत 1988 में वानखेड़े स्टेडियम में जॉन राइट की कप्तानी में 136 रन से मिली थी। भारत की कमान तक दलीप वेंगसरकर के हाथ में थी। इससे पहले उसने 1969 में नागपुर में जीत दर्ज की थी। लैथम भारत में सीरीज जीतने वाले तीसरे कप्तान बनाना चाहेंगे।

### 9 हजारी बनने के करीब विराट

विराट कोहली टेस्ट में नौ हजार रन पूरे करने वाले चौथे भारतीय बनने से सिर्फ 53 रन दूर हैं। उन्होंने 115 मैचों में 48.89 की औसत से 8947 रन बनाए हैं। अब तक सचिन (15921), द्रविड़ (13265) और गावस्कर (10122) ही यह उपलब्धि हासिल कर पाए हैं।





## ऑस्ट्रेलिया ले जाने का जोखिम नहीं लेना चाहतेः रोहित

एजेंसी । बेंगलुरु



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को कहा कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी पूरी तरह से फिट नहीं हैं। टीम उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे पर ले जाने का जोखिम नहीं उठाना चाहती है। उन्होंने कहा कि घुटनों में सूजन के कारण इस तेज गेंदबाज को टखने के ऑपरेशन से उबरने में परेशानी आ रही है। शमी ने भारत की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था। रोहित ने संवाददाताओं से कहा, ईमानदारी से कहूं तो अभी हमारे लिए उनके बारे में फैसला करना काफी मुश्किल है कि वह वर्तमान सीरीज या ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं। हाल ही में उनके घुटने में सूजन थी, जो काफी असामान्य है। वह पूरी फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया में थे। शत प्रतिशत फिट होने के करीब थे लेकिन उनके घुटने में सूजन आ गई जिसके कारण उनकी पूरी फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया में देरी हो रही है।

मुंबई के मैदानों से

## बढ़त पर विक्रमादित्य कुलकर्णी

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई के इंडियन मास्टर विक्रमादित्य कुलकर्णी एसएमसीए शतरंज स्कूल के सौजन्य से आयोजित प्रथम अखिल भारतीय फीडे रेटिंग ओपन शतरंज स्पर्धा के पांचवें चक्र की समाप्ति पर पांच अंकों के साथ बढ़त पर हैं। पेडर रोड स्थित रशियन हॉउस में खेली जा रही स्पर्धा में विक्रमादित्य कुलकर्णी के साथ पुणे के वाटारकर, मुंबई के अर्णव खेर्डेकर और दिल्ली के साईकत नाथ भी पांच अंकों के साथ प्रतिस्पर्धा में बने हुए है। पांचवे चक्र की बाजियों में विक्रमादित्य कुलकर्णी ने दर्श शेट्टी को, यश वाटारकर ने दीपक सोनी को, साईकत नाथ ने राजीव रुद्र को, अथर्व सोनी ने आतिश लद्दाद को, ओम गाड़ा ने शुभम बाविस्कर को, अनिरुद्ध सुब्रमन्यम ने कुश अग्रवाल को और संजीव मिश्रा ने हितांश गोहिल को मात दी।

## माउन्ट कार्मेल की भारी जीत

दोपहर संवाददाता । मुंबई

माउन्ट कार्मेल, बांद्रा ने 44वें विलिंगडन कैथोलिक जिमखाना वार्षिक रिंक फुटबॉल प्रतियोगिता के मुकाबले में इम्माकुलेट कॉन्स्पेशन सी, बोरिवली को 5-0 के बड़े अंतर से पराजित किया, जिसमें स्ट्राईकर लेस्टर मास्कारेनहास ने शानदार है-ट्रिक लगाई। लेस्टर के अलावा आमिल सैयद और आरिफ कुरैशी ने एक-एक गोल दागा। अन्य मैचों में ऑवर लेडी ऑफ ग्लोरिया, ए ने ऑवर लेडी ऑफ डॉलर्स को 3-2 से पटकनी दी।

## पैट कमिंस बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : सीरीज जीतने के लिए बुमराह पर लगाम जरूरी : पैट कमिंस

दोपहर संवाददाता । मुंबई

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि अगर उनकी टीम को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतनी है तो उन्हें भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर लगाम कसने का तरीका ढूंढना होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत ने लगभग एक दशक से यह ट्रॉफी अपने पास रखी है। इस बीच उसने दो बार ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया। कमिंस ने मंगलवार को एक टीवी शो में कहा, मैं बुमराह का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मुझे लगता है कि वह एक शानदार गेंदबाज हैं। अगर हम उस पर लगाम कसने में सफल रहते हैं तो इससे हमें सीरीज जीतने में काफी मदद मिलेगी। कमिंस ने कहा कि उनकी टीम रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप की जीत से प्रेरणा लेगी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, सौभाग्य से हम पिछले कुछ वर्षों में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल और वनडे विश्व कप जीतने में सफल रहे हैं। हम इनसे प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे जैसे कि उनकी टीम यहां अपनी पिछली कुछ सफलताओं से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी।





# अनुराग बसु की फिल्म में नजर आएंगे कार्तिक आर्यन

कार्तिक ने खुलासा किया कि वह भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक अनुराग बसु के साथ काम कर रहे हैं। दोनों ने एक फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। बातचीत के दौरान कार्तिक ने कहा, 'अभी मैं बसु सर की अगली फिल्म पर काम कर रहा हूं। मैं इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हूं, क्योंकि मेरा किरदार बिल्कुल अलग है। मैंने अपने करियर में कभी ऐसा किरदार नहीं निभाया।'

### 'भूल भुलैया 3' के बारे में जानिए

'भूल भुलैया 3' की बात करें तो यह फिल्म इस साल दीवाली के खास मौके पर यानी 1 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना अजय देवगन की फिल्म 'सिंघम अगेन' से होगा। 'भूल भुलैया 3' के निर्देशन की कमान अनीस बज्मी ने संभाली है। पिछली दोनों फिल्मों का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। 'भूल भुलैया 3' में विद्या बालन और माधुरी दीक्षित जैसी अभिनेत्रियां भी नजर आएंगी।





# 'भूल भुलैया 3' में कियारा आडवाणी भी आएंगी नजर

कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित जैसे दिग्गज सितारों से सजी फिल्म 'भूल भुलैया ' इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। फिल्म का दमदार ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। कार्तिक इन दिनों 'भूल भुलैया 3' के प्रचार-प्रसार में व्यस्त हैं। हाल ही में कार्तिक ने गलती से बताया कि 'भूल भुलैया 3' में कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी।

### 'भूल भुलैया 2' में नजर आई थीं कियारा

कार्तिक ने कहा, 'जब हम कियारा के साथ शूटिंग कर थे। इसके तुरंत बाद उन्होंने हंसते हुए माफी मांगी और कहा, 'ओह सॉरी, जब हम विद्या जी के साथ शूटिंग कर रहे थे। यह लाइव तो नहीं है।' इसके बाद कार्तिक ने अपनी बात बदल दी। बता दें कि कियारा फिल्म 'भूल भुलैया 2' में कार्तिक के साथ नजर आई थीं। दोनों की केमिस्ट्री को खूब पसंद किया गया था। 'भूल भुलैया 3' इस साल दीवाली के खास मौके पर यानी 1 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

# 'द मिरांडा ब्रदर्स' का हुआ ऐलान



अभिनेता हर्षवर्धन राणे को पिछली बार दिव्या खोसला कुमार की फिल्म 'सावी' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। अब हर्षवर्धन की नई फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम 'द मिरांडा ब्रदर्स' है। इस फिल्म में हर्षवर्धन के साथ मीजान जाफरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'द मिरांडा ब्रदर्स' का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है।

### रिलीज तारीख से उठा पर्दा

'द मिरांडा ब्रदर्स' की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ चुका है। इस फिल्म का प्रीमियर 25 अक्टूबर, 2024 से जियो सिनेमा पर होने जा रहा है। बता दें हर्षवर्धन ने हाल ही में अपनी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'सनम तेरी कसम' के सीक्वल का ऐलान किया है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। 'सनम तेरी कसम' 5 फरवरी, 2016 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 9.11 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था।





# टीवी शो 'फौजी 2' का हुआ ऐलान

साल 1988 में प्रसारित हुआ शाहरुख खान का टीवी शो 'फौजी' को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। इस शो के जरिए उन्होंने टीवी की दुनिया में कदम रखा था। अब 35 साल बाद 'फौजी 2' का ऐलान हो गया है। शो के निर्माता संदीप सिंह ने एक वीडियो साझा कर 'फौजी' के नए संस्करण की घोषणा की है। 'फौजी 2' के जरिए अंकिता लोखंडे के पति और बिजनेसमैन विक्की जैन अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। 'फौजी 2' में विक्की जानी-मानी अभिनेत्री गौहर खान के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा इस शो में 12 नए कलाकार शामिल होंगे, जिनमें आशीष भारद्वाज, उत्कर्ष कोहली, रुद्र सोनी, अमरदीप फोगट, अयान मनचंदा, नील सतपुड़ा, सुवंश धर, प्रियांशु राजगुरु, अमन सिंह दीप, उदित कपूर, मानसी और सुष्मिता भंडारी का नाम शामिल है।

# 'सिटाडेल हनी बनी' का ट्रेलर जारी

पिछले लंबे समय से वरुण धवन और सामंथा रुथ प्रभु अपनी आने वाली वेब सीरीज 'सिटाडेल हनी बनी' को लेकर चर्चा में हैं। यह प्रियंका चोपड़ा की अमेरिकी ड्रामा वेब सीरीज 'सिटाडेल' का भारतीय संस्करण है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब निर्माताओं ने 'सिटाडेल हनी बनी' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो जबरदस्त एक्शन और सस्पेंस से भरपूर है।



### कब और कहां रिलीज होगी यह सीरीज?

वरुण और सामंथा के अलावा 'सिटाडेल हनी बनी' में केके मेनन, सिमरन, साकिब सलीम, सिकंदर खेर, सोहम मजूमदार, शिवांकित परिहार और काशवी मजमुंदर जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। निर्माताओं ने ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, 'चेतावनीः इसमें विस्फोटक एक्शन और रोमांचकारी मनोरंजन है।' इस सीरीज का प्रीमियर 7 नवंबर, 2024 से OTT प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर होने जा रहा है। इस सीरीज के निर्देशक की कमान राज और डीके ने संभाली है।

न्यूज़ ब्रीफ

## दिल्ली के थाने में CBI ने मारा छापा, इंस्पेक्टर और SI गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मंगलवार को दिल्ली के एक थाने में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने छापा मारा। छापा मारकर सीबीआई ने दो पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) ने 10 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में यहां के बुराड़ी पुलिस थाना में तैनात निरीक्षक और उपनिरीक्षक को मंगलवार को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार, इंस्पेक्टर ने करीब डेढ़ करोड़ रुपए की रिश्वत मांगी थी। हालांकि, अब दोनों पुलिस की गिरफ्त में हैं। दोनों से पूछताछ की जा रही है। इस बारे में जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि बुराड़ी थाने के निरीक्षक संदीप अहलावत ने कथित तौर पर 1.5 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगी थी और एसेंजी ने थाने के उप निरीक्षक भूपेश कुमार को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह अहलावत की ओर से 10 लाख रुपए की घूस ले रहा था। अधिकारी ने बताया कि बाद में अहलावत को भी गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने दोनों आरोपियों के आवासों की भी तलाशी ली।

## एअर इंडिया की दिल्ली-शिकागो फ्लाइट में बम की धमकी, प्लेन कनाडा डायवर्ट

**शिकागो।** दिल्ली से शिकागो जा रहे प्लेन को ऑनलाइन धमकी मिलने के बाद कनाडा के लिए डायवर्ट किया गया है। प्लेन ने आज दिल्ली से शिकागो के लिए उड़ान भरी थी। एक ऑनलाइन पोस्ट में विमान को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। सुरक्षा कारणों के चलते प्लने को कनाडा के इकालुइट एयरपोर्ट पर उतारा गया है।

## अपने क्वार्टर में मृत पाए गए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट

**कन्नूर।** उत्तर केरल जिले के कन्नूर जिला कलेक्टर समेत अपने सहयोगियों की तरफ से विदाई दिए जाने के एक दिन बाद, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) नवीन बाबू मंगलवार को पल्लीकुन्नू में अपने क्वार्टर में मृत पाए गए। पुलिस ने कहा कि नवीन बाबू, जिन्हें एक दिन पहले अपने गृह जिले पथानामथिट्टा में एडीएम के रूप में कार्यभार संभालने के लिए लौटना था, वे मंगलवार सुबह अपने क्वार्टर में लटके पाए गए। वहीं इससे पहले विदाई समारोह में, एडीएम नवीन बाबू पर जिला पंचायत अध्यक्ष पीपी दिव्या की तरफ से गलत काम करने का आरोप लगाया गया, जो कथित तौर पर बिना आधिकारिक निमंत्रण के कार्यक्रम में शामिल हुईं थी। सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) से संबंधित जिला पंचायत अध्यक्ष ने चेंगलई में एक पेट्रोल पंप की मंजूरी में कई महीनों तक देरी करने के लिए एडीएम की विदाई समारोह में आलोचना की थी।

## बैजयंत पांडा को दिल्ली चुनाव प्रभारी बनाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा नेतृत्व ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग सह प्रभारी होंगे। ओडिशा से लोकसभा सदस्य पांडा, इससे पहले दिल्ली के संगठन प्रभारी रह चुके हैं और संगठनात्मक जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

# चुनाव आयोग ने टीवी चैनलों को जमकर लताड़ा

## गिनती 8.30 बजे से तो 8.05 बजे लीड कैसे बताते हैं : मुख्य निर्वाचन आयुक्त

एजेंसी । नई दिल्ली

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए इलेक्शन कमिशन ने मीडिया पर तीखी टिप्पणी की है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने एग्जिट पोल्स और मतगणना के दिन मीडिया में सुबह से ही दिखाए जाने वाले रुझानों पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह सब ठीक नहीं है और इसे लेकर कुछ करने की जरूरत है। इलेक्शन कमिश्नर ने नतीजों वाले दिन सुबह 8 बजे से ही चुनावी रुझान दिखाए जाने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, 'जब काउंटिंग का समय शुरू होता है तो 8.05 बजे और 8.10 बजे से रिजल्ट आना शुरू हो जाता है जो नॉनसेंस है। मेरी पहली काउंटिंग 8.30 बजे शुरू होती है. हमारे पास प्रमाण है इस बार कि 8.05 बजे, 8.10 बजे, 8.15 बजे आने लगा कि इतने की लीड, इतने की लीड, इतने की लीड. ऐसा तो नहीं है, हम सिर्फ पूछ रहे हैं, एग्जिट पोल को सही ठहराने के लिए वो शुरू में ट्रेंड्स आ गए। कि हमने तो ऐसा कहा था, वैसा ही ट्रेंड हो रहा है। बाद में जो होगा, वो होगा।'




### क्या कहा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने?

चुनाव आयुक्त ने कहा, 'पहला रिजल्ट, एक राउंड का, 8.30 बजे जब गिनती शुरू हो रही है, 9 बजने में 10 मिनट, 9 बजने में 5 मिनट से पहले आ ही नहीं सकता। 30 मिनट भी लगेंगे एक राउंड में तो आ ही नहीं सकता। हम उसको 9.30 बजे वेबसाइट पर डालते हैं। फिर 11.30 बजे डालते हैं। फिर 1.30 बजे डालते हैं।' हो सकता है कि आपके संवाददाता वहां मौजूद होंगे तो पहले बता दिया। रिजल्ट स्क्रीन पर दिखाना पड़ता है। एजेंट के साइन लेने पड़ते हैं। लेकिन 9 बजे से पहले कैसे आता है। 8.45 बजे तक जो लीड दिखा दिया जाता है उससे अपेक्षा पैदा हो जाती है और जब असली रिजल्ट आता है तो मिसमैच हो जाता है। इससे कभी गंभीर समस्या पैदा हो सकती है। इसके अलावा एग्जिट पोल्स पर चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि इस बार भी हमने देखा और कई बार ऐसा हुआ है कि एग्जिट पोल्स कुछ बताते हैं और नतीजा उससे अलग होता है। इसलिए यह सोचने की बात है कि आखिर एग्जिट पोल्स को करने का तरीका क्या होता है और उनका सैंपल साइज क्या होता है। यह सभी चीजें सोचने की बात है। यही नहीं इस दौरान उन्होंने अकसर चुनाव नतीजों वाले दिन टीवी चैनलों और अन्य मीडिया की ओर से सुबह से ही दिखाए जाने वाले रुझानों पर भी सवाल उठाया।

### हरियाणा का उदाहरण देकर चुनाव आयुक्त ने मीडिया को सुनाया

उन्होंने कहा कि इस बार की ही बात करें तो हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में सुबह से ही रुझान आने लगे थे। यह कहा जाने लगा कि पहले राउंड का रुझान 8:30 तक ही आ गया है। यह पूरी तरह से गलत था। सच यह है कि हम खुद 9:30 बजे पहले राउंड की काउंटिंग के बारे में जानकारी देते हैं और इसे साइट पर अपलोड किया जाता है। ऐसे में कैसे यह बात एक घंटे पहले ही कही जा सकती है कि पहले राउंड में कौन आगे हैं और कौन पीछे।

### 'मीडिया जल्दबाजी करता है और फिर सवाल उठते हैं'

इलेक्शन कमिश्नर ने कहा कि मीडिया की तरफ से रुझान दिखाने में जल्दबाजी की जाती है। कई बार ऐसा करने में मनमानी होती है और इसी के चलते जब चुनाव आयोग के वास्तविक रुझान आते हैं तो अंतर दिखता है। मीडिया और आयोग के रुझानों में जब फर्क आता है तो पीछे रह जाने वाले दल सवाल उठाते हैं। वे चुनाव आयोग पर सवाल उठाने लगते हैं। इसके लिए कुछ करना होगा और ऐसे नहीं चल सकता।

# अब MBBS करने में दिव्यांगता नहीं बनेगी अड़चन

### सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि केवल 40 प्रतिशत दिव्यांगता के लिए किसी व्यक्ति को मेडिकल की पढ़ाई करने से रोका नहीं जा सकता है। जब तक कि कोई विशेषज्ञ रिपोर्ट उस व्यक्ति को एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए अक्षम नहीं घोषित कर दे। खंडपीठ जस्टिस बीआर गवई, अरविंद कुमार और केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने मंगलवार को अपने 18 सितंबर के आदेश पर विस्तृत कारण देते हुए कहा कि उसने क्यों एक उम्मीदवार को एमबीबीएस की पढ़ाई की अनुमति क्यों दी। चूंकि उसके लिए मेडिकल बोर्ड की राय थी कि वह अपनी चिकित्सकीय शिक्षा बिना किसी रुकावट के जारी रख सकता है।




### दिव्यांगता होने भर से उम्मीदवार को नहीं रोक सकते

खंडपीठ ने कहा कि किसी दिव्यांग उम्मीदवार के एमबीबीएस की शिक्षा हासिल करने की क्षमता के आकलन के लिए विकलांगता मूल्यांकन बोर्ड की राय लेना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महज दिव्यांगता होने भर से किसी उम्मीदवार को एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता है।

### विकलांगता बोर्ड को दिया ये निर्देश

विकलांगता बोर्ड के मूल्यांकन से ही उम्मीदवार एमबीबीएस की पढ़ाई आगे जारी रख सकता है या नहीं यह निर्धारित होगा। सर्वोच्च अदालत ने यह भी कहा कि विकलांगता बोर्ड को अगर लगता है कि कोई उम्मीदवार कोर्स आगे जारी नहीं रख सकता है, तो उसे इसके कारण भी स्पष्ट करने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला एक छात्र ओमकार की याचिका पर दिया है जिसने स्नातक चिकित्सा शिक्षा विनिमय, 1997 कानून को चुनौती दी है। इसके तहत 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग उम्मीदवार को एमबीबीएस करने की अनुमति नहीं है। दूसरी ओर पंजाब पंचायत चुनाव पर रोक लगाने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने आज अपना फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने नामांकन प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के आधार पर पंजाब में चल रहे पंचायत चुनावों पर रोक लगाने से मंगलवार को इनकार कर दिया और कहा कि अगर अदालतें मतदान के दिन चुनावों पर रोक लगाना शुरू कर देंगी तो 'अराजकता' होगी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर मतदान आज शुरू हो गया है, तो हम इस स्तर पर कैसे हस्तक्षेप कर सकते हैं? उच्च न्यायालय ने इसकी गंभीरता को समझा और चुनाव पर लगी रोक हटा दी। सीजेआई ने कहा कि अगर हम मतदान रोकते हैं, वह भी मतदान के दिन, तो अराजकता होगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने 'मुफ्त की रेवड़ी' पर केंद्र और चुनाव आयोग को जारी किया नोटिस, मांगा जवाब

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में 'मुफ्त की रेवड़ी' बांटने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के बाद केंद्र और चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने एक नई याचिका के जवाब में केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। बेंगलुरु निवासी शशांक जे. श्रीधर ने यह याचिका दायर की थी। इस पर मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा ने सरकार से जवाब मांगा है। याचिका में राजनीतिक दलों के द्वारा चुनाव पूर्व ऐसी चीजों पर रोक लगाने की मांग की है।




### मुफ्त की रेवड़ी से सरकारी खजाने पर पड़ता है बोझ

याचिका में तर्क दिया गया है कि चुनाव के दौरान मुफ्त की सुविधाएं देने का ऐलान करके राजनीतिक दल वोटरों को गुमराह करते हैं। इससे सरकारी खजाने पर बेहिसाब वित्तीय बोझ पड़ता है। याचिका में इस बात को लेकर चिंता व्यक्त की गई है।

### लोकलुभावन उपायों पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान

याचिका में राजनीतिक दलों के द्वारा किए जाने वाले लोक लुभावन वादों पर रोक लगाने की मांग की गई है। इसके पहले वकील अश्विनी उपाध्याय ने याचिका दायर कर सुप्रीम कोर्ट से मुफ्त की योजनाओं के ऐलान पर रोक लगाने की मांग की थी। उपाध्याय की याचिका में तर्क दिया गया था कि इस तरह के उपाय मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव डालकर चुनावों में समान अवसर को बिगाड़ते हैं, और संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं। याचिका में आवेदक ने चुनाव आयोग से इस प्रथा पर रोक लगाने की मांग की थी।

**चुनाव चिह्न नियमों में संशोधन का प्रस्ताव :** याचिका में अदालत से चुनाव आयोग को 1968 के चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश में संशोधन करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है। इसमें यह शर्त रखी गई है कि राजनीतिक दलों को चुनाव से पहले सार्वजनिक धन से अनुचित मुफ्त उपहारों का वादा या वितरण नहीं करना चाहिए। याचिका में तर्क दिया गया है कि चुनाव से पहले निजी वस्तुओं या सेवाओं का गैर-सार्वजनिक प्रावधान अनुच्छेद 14 सहित संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करता है, और लोकतांत्रिक मानदंडों को कमजोर करता है।

कोलकाता रेप-मर्डर

## CBI को 3 हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश



एजेंसी । कोलकाता

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने रेप-मर्डर केस और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में CBI को 3 हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने बंगाल सरकार से पूछा कि टास्क फोर्स ने इस मामले में अब तक क्या किया? इस पर सरकार ने जवाब दिया कि टास्क फोर्स को 7800 अस्पतालों ने जानकारी दी है। इसके आधार पर वो सुझाव देना चाहती है। कोर्ट ने राज्य के अस्पतालों में सिविक वॉलंटियर्स की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। दरअसल, आरोपी संजय रॉय कोलकाता पुलिस के साथ वॉलंटियर के तौर पर जुड़ा था। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मामले की आगे की सुनवाई दिवाली की छुट्टियों के बाद के लिए टाल दी है।

# रेल मंत्री ने किसानों को समर्पित ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

एजेंसी । नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को महाराष्ट्र के देवलाली से बिहार के दानापुर के बीच शेतकरी समृद्धि विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रेल मंत्री ने देश के किसानों को समर्पित ट्रेन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए रवाना किया जबकि देवलाली रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह ट्रेन किसानों को नए बाजार उपलब्ध कराने के साथ श्रमिकों को भी सस्ती व सुविधाजनक यात्रा का साधन प्रदान करेगी।

### समय पर अन्य राज्यों तक पहुंच सकेगी उपज




वैष्णव ने कहा कि शेतकरी ट्रेन का उद्देश्य महाराष्ट्र के किसानों की उपज को समयबद्ध देश के अन्य राज्यों तक पहुंचाना है। यह ट्रेन नासिक, मनमाड़, जलगांव, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना और दीनदयाल उपाध्याय सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी, जिससे किसानों को अपनी उपज को सही समय और सही दाम पर बेचने का अवसर मिलेगा। किसान मात्र रुपए चार प्रति किलोग्राम की दर से अपनी उपज को देवलाली और नासिक जैसे इलाकों से बिहार तक भेज सकेंगे।

### पार्सल वैन के साथ साधारण कोच भी लगाए

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ट्रेन में किसानों के लिए पार्सल वैन के साथ साधारण श्रेणी के कोच भी लगाए गए हैं। इससे किसान और श्रमिक दोनों को सहूलियत होगी। देवलाली से दानापुर तक की 1515 किलोमीटर लंबी दूरी पर भाड़ा प्रति किलोमीटर, प्रति किलोग्राम मात्र 28 पैसे से भी कम होगा, जिससे जल्दी खराब होने वाले उत्पादों का कम लागत पर परिवहन संभव होगा।

# 9 साल बाद कोई भारतीय विदेश मंत्री पहुंचा पाकिस्तान



एजेंसी । इस्लामाबाद

विदेश मंत्री एस जयशंकर मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए इस्लामाबाद पहुंचे, ये किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा थी। पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों ने नूर खान एयरबेस पर जयशंकर का स्वागत किया। लगभग 9 सालों में यह पहली बार है कि भारत के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान की यात्रा की। बता दें कि कश्मीर मुद्दे और पाकिस्तान से होने वाले सीमा पार आतंकवाद को लेकर दोनों पड़ोसियों के बीच संबंध खराब बने हुए हैं।

### 2015 में सुषमा स्वराज गई थी पाकिस्तान

पाकिस्तान जाने वाली आखिरी भारतीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज थीं। वह अफगानिस्तान पर एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए दिसंबर 2015 में इस्लामाबाद गई थीं। पाकिस्तान 15 और 16 अक्टूबर को दो दिवसीय एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट (सीएचजी) शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा, 'एससीओ सीएचजी बैठक सालाना आयोजित की जाती है और संगठन के व्यापार और आर्थिक एजेंडे पर केंद्रित होती है।'

# इस साल अक्टूबर में भी लोगों को सता रही गर्मी

एजेंसी । नई दिल्ली

देशभर में इस साल अक्टूबर में भी असामान्य रूप से गर्मी देखने को मिल रही है। यदि सितंबर में देश के कई हिस्सों में भारी बारिश नहीं होती तो गर्मी और ज्यादा हो सकती थी। हालांकि, पिछले करीब तीन दिनों में मौसम सामान्य हुआ है पर उत्तरी और मध्य भारत में लोगों को अब भी सामान्य से अधिक गर्मी महसूस हो सकती है।



### 1. रात में तपन का अहसास

मौसम विभाग के डाटा के अनुसार, इस अक्तूबर में अब तक (13 अक्टूबर तक) पूरे देश का औसत अधिकतम तापमान 31.77 डिग्री सेल्सियस रहा है। यह लगभग 1981-2010 के औसत के समान है, जिसे सामान्य माना जाता है। लेकिन इस अक्तूबर में औसत न्यूनतम तापमान 21.99 डिग्री सेल्सियस रहा है, जो सामान्य से 1.06 डिग्री सेल्सियस अधिक है। इसका अर्थ यह है कि अक्तूबर की रातों में अधिक तपन महसूस की गई।

### 2. देश के 69 फीसदी हिस्से में सामान्य से अधिक तापमान

देश के 69 फीसदी हिस्से में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहा है। इसमें से 32 फीसदी हिस्से (केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश) में अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा है। हालांकि, देश के औसत अधिकतम मौसम में इसकी भरपाई पूर्वोत्तर राज्यों गुजरात, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख ने कर दी, जहां तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम रहा।

### 3. सितंबर की तुलना में अधिक गर्मी

बीते सितंबर के मुकाबले अधिक गर्मी महसूस करने की कुछ और भी वजहें हैं। दिल्ली और उसके पड़ोसी जिले इसका एक अच्छा उदाहरण हैं। इस क्षेत्र के लिए अक्तूबर अधिकतम तापमान के हिसाब से सामान्य से 0.08 डिग्री सेल्सियस ठंडा है, लेकिन सितंबर की तुलना में 1.62 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म है। इसलिए, दिल्ली और आसपास के इलाकों में लोगों को अक्तूबर सामान्य से अधिक गर्म महसूस हो सकता है। क्योंकि अक्तूबर, सितंबर की तुलना में अधिक गर्म है, जबकि यहां के लोग सितंबर के बाद तापमान में कमी के आदी हैं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि इस साल सितंबर में औसत अधिकतम तापमान दिल्ली और पड़ोसी जिलों के लिए सामान्य से 1.74 डिग्री सेल्सियस कम था।

**4. बारिश न होना भी वजह :** सितंबर का सामान्य से अधिक ठंडा रहना अक्तूबर में गर्मी के अहसास को बढ़ाने की एक और वजह है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी में देरी हुई है। इसलिए उत्तर-पश्चिमी भारत, मध्य भारत, आंध्र प्रदेश व तेलंगाना जैसे प्रायद्वीपीय भारत के बड़े हिस्सों में सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश हुई। इन क्षेत्रों में अक्तूबर, सितंबर से अधिक ठंडा तभी महसूस होगा जब अक्तूबर में यहां बारिश होती रहेगी। हालांकि, इस महीने में अब तक इन क्षेत्रों में या तो बारिश नहीं हुई है या बहुत कम बारिश हुई है। यही कारण है कि अक्तूबर में सामान्य से अधिक गर्मी महसूस की जा रही है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ ने रखी वीएलएफ स्टेशन की आधारशिला

### अत्याधुनिक तकनीक से लैस होने पर जोर

एजेंसी । विकाराबाद

तेलंगाना के विकाराबाद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीएलएफ स्टेशन की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि बदलते परिदृश्य और तकनीक के मोर्चे पर आए दिन मिल रही चुनौतियों को देखते हुए नौसेना समेत तमाम सुरक्षाबलों को अत्याधुनिक संचार तकनीक से लैस किया जाना समय की मांग है। रक्षा मंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के दौर में देश की जनता के साथ-साथ सभी लोगों ने तकनीक की अहमियत का एहसास किया।
विकाराबाद में वीएलएफ स्टेशन के शिलान्यास समारोह के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पहले जो चीजें सिर्फ कल्पना का हिस्सा



लगती थीं, वो अब हकीकत बन गई हैं। यह संचार के कारण ही संभव हो पाया है... संचार के इतिहास में, अभी जो प्रगति हुई है वो बहुत ज्यादा है। संचार में उन्नत तकनीक की भूमिका अब काफी बढ़ गई है। वेरी लो फ्रीक्वेंसी (VLF) स्टेशन के शिलान्यास के मौके पर रक्षा मंत्री ने कांग्रेस नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के विशेष योगदान को रेखांकित करते हुए उनकी सराहना भी की।